आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 333 -● जबलपुर ● शुक्रवार, 06 जनवरी, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● पौष शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935


## समलैंगिक-विवाह को मान्यता देने की याचिका पर SC में सुनवाई

**नई दिल्ली, ईएमएस।** समलैंगिक विवाह को मान्यता देने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई होगी। इस दौरान अलग-अलग हाईकोर्ट से सभी याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर करने की याचिकाओं पर भी बहस होगी। मामले पर पिछली सुनवाई 14 दिसंबर 2022 को हुई थी। इस दौरान कोर्ट ने समलैंगिक विवाह को स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत मान्यता देने की नई याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा था।

## 1 जनवरी 2024 तक बन जाएगा राम मंदिर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गृह मंत्री अमित शाह ने त्रिपुरा में भाजपा की जन विश्वास यात्रा में कहा कि 1 जनवरी 2024 को अयोध्या में गगनचुंबी राम मंदिर तैयार मिलेगा। उन्होंने त्रिपुरा के लोगों से टिकट बुक कराने के लिए भी कहा। वहीं, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि राम मंदिर का निर्माण पहले से चल रहे टाइमलाइन के अनुसार हो रहा है। इस साल के आखिर तक हम प्राण प्रतिष्ठा कर सकते हैं। चंपत राय ने बताया कि रामलला की प्रतिमा आसमानी और ग्रे कलर के पत्थरों से तैयार होगी।



### उप्र में जानलेवा हुई भीषण ठंड

# हार्ट और ब्रेन अटैक से कानपुर में 24 घंटे के भीतर 25 मौतें

**कानपुर, ईएमएस।** उत्तर प्रदेश में ठंड जानलेवा हो गई है। कड़ाके की सर्दी से शहरवासियों का जीना मुहाल हो गया है। रात का तापमान 4.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया जो बुधवार के मुकाबले 4 डिग्री सेल्सियस कम है। ऐसे हालात कानपुर में गुरुवार को केवल दो सरकारी अस्पतालों में 25 लोगों की जान हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रीक से चली गई। सभी अस्पतालों में मरीजों की पूरे दिन भीड़ लगी रही। तैलट, उर्सला और कार्डियोलाजी की ओपीडी में मरीजों की संख्या अधिक रही। लक्ष्मीपत सिंहानिया हृदय रोग संस्थान के निदेशक डॉ. विनय कृष्णा ने बताया कि दिनभर में हृदय रोग से पीड़ित 723 मरीज आए। इनमें 41 मरीजों को भर्ती किया गया। 15 मरीजों की अस्पताल पहुंचने से पहले हो मौत गई। वहीं, सात मरीजों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दूसरी ओर, हैलट अस्पताल में लाई गई उन्नाव की 65 वर्षीय संध्या, कल्याणपुर की 74 वर्षीय रजोराव कन्नौज के 70 वर्षीय जाकिर, की मौत ब्रेन स्ट्रोक के कारण हो गई।



## जिम में कसरत करते आया अटैक, हो गई मौत

उधर मध्य प्रदेश के इंदौर में गुरुवार को 55 वर्षीय कारोबारी की जिम में कसरत के दौरान कथित रूप से दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। यह घटना जिम में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि कारोबार से जुड़े प्रदीप रघुवंशी (56) को विजय नगर क्षेत्र के एक जिम में कसरत के दौरान कथित रूप से दिल का दौरा पड़ा और वह बंद सेकंड के भीतर निढाल होकर जमीन पर गिर पड़े। रघुवंशी को एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया




## मंदिर के गुंबद से टकरा कर ट्रेनी प्लेन क्रैश, पायलट की मौत

**रीवा ,यशभारत।** मध्यप्रदेश के रीवा में बड़ा हादसा हो गया। एक ट्रेनी प्लेन मंदिर के गुंबद से टकरा कर क्रैश हो गया। जिससे प्लने में मौजूद पायलट और प्रशिक्षु गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में सीनियर पायलट की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार निजी प्रशिक्षण कंपनी का प्लेन मंदिर की गुंबद और बिजली के तारों से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। चोरहटा थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश पाण्डेय ने बताया कि रीवा हवाई पट्टी को एयरपोर्ट में बदला जा रहा है। यहां पाल्टन कम्पनी द्वारा विमान प्रशिक्षण वर्षों से चल रहा है। पुलिस ने बताया कि चोरहटा थाना अंतर्गत उमरी गांव के कुर्मियान टोला से प्लेन क्रैश होने की सूचना कंट्रोल रूम आई थी। तुरंत एसपी नवनीत भसीन ने डीएसपी उदित मिश्रा, चोरहटा थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश पाण्डेय, गुढ़ थाना प्रभारी अरविंद सिंह राठौर को भेजा था। जानकारी के अनुसार प्लेन मंदिर के शिखर से टकराकर क्रैश हो गया। इस हादसे में पायलट की मौत हो गई जबकि प्रशिक्षु गंभीर रूप से घायल हुआ है।प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण कोहरा बताया जा रहा है। घटना रीवा जिले के चोरहटा थाना क्षेत्र के उमरी गांव की है। उमरी हवाई अड्डे में पल्टन कंपनी का प्लेन छात्रों को प्रशिक्षण देता था।

### किसान के बेरोजगार बेटे को जीएसटी ने भेजा

# एक करोड़ 39 लाख 79 हजार 407 का नोटिस

**जैसलमेर ।** राजस्थान के जैसलमेर के रहने वाले एक गरीब बेरोजगार युवक को एक करोड़ रुपए से ज्यादा की जीएसटी चुकाने का नोटिस मिला है. नोटिस को देख युवक के होश उड़ गए. नोटिस में कहा गया है कि युवक के नाम पर जीएसटी बकाया है, जिसे जल्द नहीं भरा गया तो कार्रवाई की जाएगी. यह नोटिस केंद्रीय आयुक्तालय दिल्ली ( उत्तर से भेजा गया है. दरअसल, युवक के पैन कार्ड का इस्तेमाल कर दिल्ली में व्यवसाय कर रहे व्यापारी ने गलत तरीके से करोड़ों का टर्नओवर किया. इसके बाद सेंट्रल जीएसटी विभाग ने जैसलमेर के इस गरीब युवक को एक करोड़ 39 लाख 79 हजार 407 रुपए का जीएसटी नोटिस दे दिया. जैसलमेर के रीदवा निवासी नरपतराम पुत्र नवलाराम मेघवाल को आयुक्तालय दिल्ली उत्तर से नोटिस भेजा गया है. इस मामले को लेकर युवक पुलिस अधीक्षक से मिला और घटना की जानकारी दी. इसके बाद एसपी ने सदर थाने को मामले की जांच कर केस दर्ज करने के निर्देश दिए हैं.युवक नरपतराम ने बताया कि वह बेरोजगार व्यक्ति है. वर्तमान में पिता पर आश्रित है. पिता कृषि कार्य कर परिवार का गुजारा करते हैं. उसे सेंट्रल जीएसटी विभाग से तीन दिन पहले एक नोटिस मिला है.।




## यूटा में शख्स ने पत्नी, सास और पांच बच्चों की हत्या कर खुद आत्महत्या की

**वाशिंगटन एजेंसी।** अमेरिका में एक 42 साल के व्यक्ति ने यूटा में अपने घर के अंदर पत्नी, पांच बच्चों और सास को गोली मार दी। इसके बाद उसने खुद भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली। रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकारियों ने कहा कि सबूतों से पता चला है कि उस व्यक्ति का नाम माइकल हाइट था। उसने अपने परिवार के सात अन्य सदस्यों की हत्या कर दी और फिर खुद को भी मार डाला। घटना हनोक शहर में हुई।जानकारी के मुताबिक, हनोक शहर की छोटी यूटा बस्ती में पुलिस को आठ शव मिले, उनमें से एक चार साल की बच्ची का था। पुलिस को दोस्तों और रिश्तेदारों ने बुलाया।

### हरियाणा में भारत जोड़ो यात्रा

# मां सोनिया को देखकर लौटे राहुल गांधी

**पानीपत,एजेंसी।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का हरियाणा में दूसरा चरण शुरू हो गया है। इस बार यात्रा में ढाई घंटे की देरी हुई। यात्रा 6 बजे शुरू होनी थी, लेकिन राहुल गांधी समय पर दिल्ली से नहीं आ सके। साढ़े 8 बजे राहुल गांधी ने पानीपत जिले में एंट्री की और अब यात्रा कुराड गांव से शुरू हो गई है।यहां के बाद राहुल की पैदल-पैदल यात्रा सनौली रोड, बबैल नाका से होते हुए संजय चौक तक पहुंचेगी। वह 13ऊरूपैदल चलेंगे। इससे पहले यात्रा ने देर शाम क्क बॉर्डर से हरियाणा के पानीपत जिले में प्रवेश किया। पानीपत के सनौली खुर्द गांव के खेतों में बने टेंट हाउस में यात्रा रातभर ठहरी। हालांकि राहुल गांधी दिल्ली लौट गए। मां सोनिया गांधी की तबीयत खराब होने की वजह से वह सनौली खुर्द में रात को नहीं रुके।राहुल गांधी जब हरियाणा में प्रवेश करने के बाद पैदल-पैदल आगे चल रहे थे और उनके पीछे उनकी गाड़ियों का काफिला था। उनके साथ सैकड़ों लोग हाथ में तिरंगा लिए चल रहे थे। उनकी सुरक्षा का डी-चक्र बेहद सख्त था। एनएसजी कमांडो के साथ सीआरपीएफ के जवान उनके सुरक्षा का चाक चौबंद किए हुए थे। इनके अलावा उनकी सुरक्षा के लिए एक विशेष काली रंग की ड्रेस में उनके प्राइवेट अंगरक्षक भी मौजूद थे।



### 2 घंटे की देरी से यात्रा शुरू



# दिल्ली में मेयर चुनाव के पहले हंगामा

**नई दिल्ली,ईएमएस।** दिल्ली में MCD के मेयर, डिप्टी मेयर और स्थायी समति के लिए छह सदस्यों के चुनाव के पहले AAP के पार्षदों ने हंगामा किया। ये मनोनीत सदस्यों की शपथ का विरोध कर रहे थे। AAP के पार्षदों ने पीठासीन अधिकारी का घेराव किया और धक्का-मुक्की की। इस दौरान वे भाजपा के सदस्यों से भिड़ गए। इसके बाद चुनाव की प्रक्रिया को एक घंटे के लिए स्थगित कर दिया गया। उधर, कांग्रेस ने मेयर चुनाव में शामिल नहीं होने का फैसला किया है। सबसे पहले नवनिर्वाचित पार्षदों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। इसके बाद बैलेट पेपर के जरिए मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव होगा। मेयर के चुनाव में 273 मेंबर्स वोट डालेंगे। बहुमत के लिए 133 का आंकड़ा चाहिए। AAP के पास 150 तो BJP के पास 113 वोट हैं।

**मनोनीत सदस्यों की शपथ के खिलाफआप का विरोध**

### पं. प्रदीप मिश्रा के उपायों से भगवान ने नहीं सुनी मुराद

## तो शिवलिंग ही उठा ले गया

**इंदौर, यशभारत।** शहर के छत्रीपुरा और चंदन नगर थाना क्षेत्र के शिव मंदिर में गुरुवार को तोड़फोड़ करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। दरअसल युवक लंबे समय से परेशान था।इसके बाद कथा वाचक प्रदीप मिश्रा के कहने पर शिवलिंग पर जल चढ़ाने लगा, लेकिन मुराद पुरी नहीं हुई तो युवक एक मंदिर से शिवलिंग ले गया और अन्य मंदिर में भी मूर्तियों को खंडित किया। पुलिस के अनुसार आरोपित शुभम कैथवास को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में युवक ने यहीं बताया कि लंबे समय से जल चढ़ा रहा था, लेकिन मुराद पूरी नहीं होने पर घटना को अंजाम दिया। वहीं घटना की सूचना के बाद पार्षद भरत रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में हिंदू संगठन के लोग थाने पर पहुंचे ।और आरोपित के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। शहर में तीन स्थानों पर चोरी की घटना हुई है, जिसमें पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ बुधवार शाम प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की।



## मुफ्त राशन और आवास के बाद फ्री में डिश टीवी भी देगी सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार के द्वारा लोगों को रहने के लिए घर और खाने के लिए राशन तो दिया ही जाता है. लेकिन अब सरकार ने फैसला किया है कि लोगों के मनोरंजन के लिए डिश टीवी भी दी जाएगी। इसके लिए योजना तैयार कर ली गई है, जिसपर की करीब 2539 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। आपको बता दें कि दूरदर्शन और ऑल इंडिया रेडियो की स्थिति में सुधार लाने की दिशा में सरकार ने इस योजना को लॉन्च किया है।केंद्र सरकार की इस योजना के इसके लोगों को फ्री में डिश टीवी दी जाएगी। लोग बिना किसी खर्च के अपने मनपसंद का चैनल देख पाएंगे, जो कि इस प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होंगे। इसे ब्रॉडकास्टिंग इंफ्रास्ट्रक्चर एंड नेटवर्क डेवलपमेंट का नाम दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने इसे मंजूरी भी दे दी है। इस स्कीम का लाभ आप 2025-26 तक उठा सकते हैं। बाद में इसे विस्तार भी दिया जा सकता है।बी आईएनडी योजना के तहत वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों सीमा एवं रणनीतिक क्षेत्रों सहित इनकी पहुंच को व्यापक रूप से बढ़ाते हुए श्रोताओं और दर्शकों को उच्च गुणवत्ता युक्त कंटेंट प्रदान किया जाएगा।


पहले ही वर्ष में लाखों लोगों की पसंद बना

# अरुणोदय पंचांग

घर-घर का पंडित बना अरुणोदय पंचांग





### धंस रहा पहाड़ पर बसा जोशीमठ

# शहर के बीच में दरार, खतरे में 500 मकान

**जोशीमड, एजेंसी।** । देवभूमि उत्तराखंड का धार्मिक शहर जोशीमठ बीते कुछ दिनों से तेजी से धंस रहा है। पहाड़ पर बसी इस धार्मिक नगरी के बीच में बीते कुछ दिनों में भारी दरारें पड़ गई है और 500 से ज्यादा मकान तो बड़े खतरे से जूझ रहे हैं। जोशीमठ के कई इलाकों में लोगों के मकान जमीन में काफी धंस गए हैं, वहीं कुछ मकानों में बड़ी-बड़ी दरारें आ गई है। इस कारण से यहां स्थानीय लोग काफी दहशत में है।

जोशीमठ को लेकर उत्तराखंड डिजास्टर एंड एक्सीडेंट सिनोप्सिस की रिपोर्ट के अनुसार शहर के करीब जोशीमठ में 500 घर रहने के लायक नहीं हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री कार्यालय भी इस संकट पर लगातार नजर रख रहा है। संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक सैनी ने जानकारी दी है कि जोशीमठ शहर के भू-धंसाव पर क्क्ल्ह से भी जानकारी मांगी गई है और प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।संभावित खतरे के मद्देनजर जोशीमठ शहर में सभी निर्माण कार्यों पर रोक लगा दी गई है। जोशीमठ में थाना प्रभारी कैलाश चंद भट्ट का कहना है कि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद पूरे शहर में निजी निर्माण कार्य को बंद कर दिया गया है।





### पूरे शहर में नालियां चोक, सड़कें टूटी, मिट्टी का कटाव

जोशीमठ में भू-धंसाव के कारण कई घर काफी नीचे तक धंस गए हैं और इस कारण से जल धाराओं का प्राकृतिक प्रवाह में रुकावट आने लगी है। शहर में कई स्थानों पर नालियां भी चोक हो गई है और सड़कों के बीच में बड़ी बड़ी दरारें आ गई है। जोशीमठ नगर पालिका ने रिपोर्ट तैयार कराई है, उसके मुताबिक गांधीनगर वार्ड में 133, मारवाड़ी में 28, नृसिंह मंदिर के पास 24, सिंहधार में 50, मनोहर बाग में 68, सुनील में 27, परसारी में 50, रविग्राम में 153 और अपर बाजार वार्ड में 26, मकानों में दरारें आई हैं।



# सुंदरकांड की पूर्णाहुति के साथ प्रारंभ हुई तृतीय वर्ल्ड रामायण कान्फ्रेंस








## नर्मदा महाआरती में शामिल हुए विदेशी मेहमान, कहा- भारतीय संस्कृति अद्भुत

**जबलपुर यशभारत।** ब्रम्हर्षि मिशन समिति, के रजत-जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में तृतीय वर्ल्ड रामायण कान्फ्रेंस का शुभारंभ गुरुवार को मानस भवन में 13 हजार सुंदरकांड पाठ की पूर्णाहुति के साथ हुआ। इस दौरान नर्मदा पंचकोसी परिक्रमा के संयोजक डॉ सुधीर अग्रवाल ने नर्मदा जल से भरे हुए कलश की स्थापना की। इसके बाद पंडित उमाशंकर व्यास जी की कृपा पात्र मानस मंजरी श्रीमति मंजूषा शुक्ला ने रामचरित मानस पर अपने विचार रखे।

### महीनों से चल रहे सुंदरकांड

वर्ल्ड रामायण कान्फ्रेंस की सफलता के लिए महीनों से सुदंरकांड पाठ का आयोजन प्रभारी विनोद दुबे एवं प्रोफेसर राजेन्द्र नेमा के संयोजन में हो रहा था। 13 हजार सुंदरकांड पाठ होने पर पूर्णाहुति वैदिक मंत्रों के बीच मानस भवन में हुई। पूजन पं. रोहित दुबे ने संपन्न कराया। इस दौरान नेमा समाज मंडल के प्रवीण नेमा, गोविंद नेमा, महेश नेमा सहित अन्य ने संगीतमयी सुंदरकांड का पाठ किया। इसके बाद आयोजन समिति के द्वारा मातेश्वरी रामायण मंडल गंगानगर, श्री राम महिला मंडल मदन महल, राधा रमण मंदिर रतन नगर, महिला मंडल, संपूर्ण घाट भजन मंडली, किन्नर महंत मनीषा दास जी सहित सुंदरकांड करने वाली सभी समितियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

### रामायण पर लाइव पेंटिंग्स

ललित कला महाविद्यालय एवं आकृति इंस्टिट्यूट के लगभग 40 छात्र-छात्राओं ने रामायण के सातों कांड पर मानस भवन एवं होटल सत्य अशोका के सामने रामायण पर लाइव पेंटिंग की। जिसे देखने बड़ी संख्या में लोग पहुँचे, सभी ने मुक्त कंठ से पेंटिंग्स की सराहना की। इस अवसर पर श्रीमती अलका विश्नोई, एडवोकेट आनंद गुप्ता, श्री अशोक तिवारी, सत्येंद्र पंडित, सत्येंद्र चतुर्वेदी, डॉ शिवानी शर्मा, श्रीमती रेखा शर्मा, शरद दुबे, शरद काबरा, भाजपा प्रदेश महामंत्री आशीष दुबे जी, प्रमोद चंद्र कटारे जी, शरद दुबे जी आदि मौजूद रहे।

### प्रदर्शनी की शुभारंभ हुआ

शाम को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र नई दिल्ली आईजीएनसीए द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में श्रीमति रुपलेखा चौहान एवं श्रीमती संगीता अग्रवाल की पेंटिंग्स का उद्घाटन श्रीलंका के संस्कृति मंत्री श्री विदुरा विक्रमानाइके, साध्वी अमृता दीदी, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमान बीडी शर्मा जी, आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री अजय विश्नोई जी एवं आयोजन समिति की सलाहकार परम पूज्य साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संयुक्त अध्यक्ष पंडित अशोक मनोध्याय, सचिव डॉ अखिलेश गुमास्ता, विधि सचिव पंकज गौर, एडवोकेट रवीरंजन, एडवोकेट सुशांत, एडवोकेट सिद्धार्थ, शैलजा सुल्लेरे, कमल ग्रोवर जी सहित सैकड़ों उपस्थित जनमानस ने प्रर्दशनी एवं पेंटिंग्स का अवलोकन कर सराहना की।

### मां नर्मदा महाआरती

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के सौजन्य से ग्वारीघाट में माँ नर्मदा की महाआरती का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में विदेशी मेहमान भी शामिल हुए। जिन्होंने भारतीय संस्कृति की तारीफ की और कहा कि रामायण विश्व को जोड़ने वाला ग्रंथ है। पं. ओंकार दुबे के मार्गदर्शन में महाआरती संपन्न हुई। इस अवसर पर श्रीलंका के संस्कृति मंत्री विदुरा विक्रमानाएके, जैफ्री आर्मस्ट्रॉग, शरीन शाहजां, अमरेंद्र नारायण, माइकल स्टर्नफील्ड, मेजर जनरल जी डी बक्शी, लूसी गेस्ट सहित अन्य विदेशी मेहमान महाआरती में शामिल हुए। इस अवसर पर राजेश नेमा, अतुल मनोध्याय, विध्येश भापकर सहित सैकड़ों की संख्या में शामिल लोगों ने मां नर्मदा से तृतीय वर्ल्ड रामायण कान्फ्रेंस की सफलता की प्रार्थना की। महा आरती संस्थापक पंडित ओंकार दुबे ने महा आरती संपन्न कराई एवं तेजस्वनी दुबे ने स्वच्छता की शपथ दिलाई।

**तेजस्वनी ने दिलाई स्वछता की शपथ**

### दोपहर में उद्घाटन

प्रातः 9:30 से 10:25 बजे शबद कीर्तन हुआ। इसके बाद ग्लोबल इम्पेक्ट ऑफ रामायण पर विद्वानों ने व्याख्यान दिया। दोपहर में आयोजित उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि विनय सहस्त्रबुद्धे, प्रसीडेंट आईसीसीआर शामिल होंगे।मुख्य कार्यक्रम में सांसद एवं प्रखर वक्ता सुधांशु त्रिवेदी एवं श्रीलंका के संस्कृति मंत्री विदुरा विक्रमनायके शामिल होंगे। आते तक रामायण विरासत विषय पर व्याख्यान होंगे। सुंदरकांड एण्ड सॉफ्ट मैसेज पर विद्वान विचार रखेंगे। शाम रामायण में सीता विषय पर व्याख्यान होंगे।शाम को कवि सुदीप भोला एवं उनके साथी रामायण पर कविता पाठ करेंगे।



## शाही स्नान : नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा निकली

**जबलपुर ,यशभारत।** पौष पूर्णिमा के पावन अवसर पर हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से विशाल शाही स्नान यात्रा एवं पंचकोशी यात्रा निकाली गई द्य सरस्वती घाट में संत महात्माओं की अगुवाई में शाही स्नान हुआ द्य इस अवसर पर स्वामी कालीनंद महाराज , स्वामी प्रकाशानंद , रामजी शरण महाराज ,बाबा भोलादास उदासीन, अवधेशानंद त्यागी जूना अखाड़ा राजस्थान पुरुषोत्तमनंद जी महाराज के नेतृत्व में अखाड़ों के साथ हरे कृष्णा आश्रम से यात्रा प्रारंभ हुई सरस्वती घाट पर पूजन अर्चन किया गया द्य त्पश्चात 362 वी नर्मदा पंचकोसी परिक्रमा प्रारंभ की गयी 6 जनवरी से 5 फरवरी तक निशुल्क माघ मास कल्पवास के दौरान प्रतिदिन भागवत कथा ,गौशाला की सफाई, घाट की सफाई, प्रभात फेरी अन्य कार्यक्रम प्रतिदिन किये जा रहे हैं द्य कर्य क्रम में नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ.सुधीर अग्रवाल, अध्यक्ष डॉ.शिव शंकर पटेल, पंडित मनमोहन दुबे, पप्पू चौबे,श्याम मनोहर पटेल , सुरेंद्र गिरी गोस्वामी सत्यप्रकाश नामदेव आदि ने संतों का स्वागत किया द्य भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ ।

## वरिष्ठ कांग्रेसी शरद अग्निहोत्री भाजपा में शामिल हुए

**जबलपुर यशभारत।** नगर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता शरद अग्निहोत्री आज सांसद राकेश सिंह की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। वे पूर्व में स्व. माधव राव सिंधिया के समर्थक के रूप में जाने जाते रहे हैं अब उनके निधन के पश्चात विगत 20 वर्षो से उनके पुत्र केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ है और जबलपुर में सिंधिया खेमे की बागडोर संभालते आए हैं। अग्निहोत्री ने बीजेपी में शामिल होने के पश्चात सांसद राकेश सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे ज्योतिरादित्य सिंधिया के मार्गदर्शन में जिले में भाजपा को मजबूत करने का संकल्प लेते हैं। इस मौके पर उन्हें प्रहलाद अग्रवाल, रिंकू चौपडा, अश्विनी उमाकांत व्यकले पाण्डेय, सुशील शर्मा आदि ने बधाई दी।





## संघों के कैलेन्डर का विमोचन

### साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी ने किया कैलेन्डर विमोचन

**जबलपुर, यशभारत।** म.प्र.तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ , म.प्र . अधिकारी / कर्मचारी संयुक्त मोर्चा , जागरूक अधिकारी / कर्मचारी संयुक्त समन्वय कल्याण समिति एवं शिक्षक अध्यापक प्रकोष्ठ का संयुक्त वार्षिक कैलेन्डर 2023 का विमोचन हुआ , जिसमें मप्र शासन द्वारा जारी सार्वजनिक अवकाश , ऐच्छिक अवकाश के साथ साथ जबलपुर कलेक्टर द्वारा घोषित जिले के स्थानीय अवकाश जैसी कर्मचारी हितेषी समस्त महत्वपूर्ण जानकारियों को संजोया गया है । संघ द्वारा विगत 24 वर्षो से लगातार कैलेन्डर प्रत्येक शासकीय कार्यालयों व शालाओं तक पहुंचाया जाता है । उक्त कैलेन्डर का विमोचन साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी के द्वारा श्रीमती अलका विश्नोई एवं माननीय श्री अजय विश्नोई जी पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक की गरिमामय उपस्थिति में अनुश्री होम्योपैथी कालेज में किया गया । इस अवसर पर संघ के योगेन्द्र दुबे , अवेन्द्र राजपूत संजय यादव , मुकेश सिंह , मसूर बेग आलोक अग्निहोत्री , मनोज रोन , रजनीश पाण्डे . सतीश उपाध्याय , गोविन्द विलंधरे , योगेन्द्र मिश्रा , हरिशंकर गौतम , बृजेश मिश्रा , कृष्णमूर्ति पिल्ले , प्रकाश सेन , विनोद पोद्दार , सुरेन्द्र जैन , योगेश कपूर , श्यामनारायण तिवारी , सतीश देशमुख , प्रियांशु शुक्ला , विश्वास शर्मा ऋषिराज , पंकज जायसवाल , महेश कोरी , धीरेन्द्र सोनी , मो 0 तारिख , संतोष तिवारी आदि उपस्थित रहे ।

## स्वामी दयानंद सरस्वती वार्ड में 13 लाख रूपये के विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन

### नेताप्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल एवं क्षेत्रीय वार्ड पार्षद श्रीमती लवलीन आनंद ने भूमिपूजन कर कराया कार्य प्रारंभ

**जबलपुर,यशभारत।** नगर निगम के द्वारा स्वामी दयानंद सरस्वती वार्ड में 13 लाख रूपये की लागत से विकास कार्यो का शुभारंभ किया गया। विकास कार्यो का भूमिपूजन नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल एवं क्षेत्रीय वार्ड पार्षद श्रीमती लवलीन आनंद के द्वारा किया जाकर कार्य प्रारंभ कराया गया। भूमिपूजन के संबंध में दयानंद सरस्वती वार्ड के पार्षद श्रीमती लवलीन आनंद ने बताया कि भंडारी हास्पिटल से लेकर पायल टॉकीज तिराहे तक स?क के दोनो ओर नाली को कवर्ड करते हुए रो? चौ?ीकरण कार्य 13 लाख रूपये की लागत से निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। भूमिपूजन के अवसर पर नेताप्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल एवं क्षेत्रीय वार्ड पार्षद श्रीमती लवलीन आनंद ने कहा कि नाली कवर्ड एवं रो? चौ?ीकरण से क्षेत्रीय नागरिकों को जल निकासी एवं आवागमन करने में काफी सहुलियत होगी। क्षेत्रीय नागरिकों ने नेताप्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल एवं वार्ड पार्षद श्रीमती लवलीन आनंद का पुष्पगुच्छ भेंटकर जताई खुशी। भूमिपूजन के अवसर पर मुकेश कुशवाहा, रमणीक पटैल, हरदीप पाजी, प्रदीप रजक (लुक्का), शशीकान्त गाला, गोपा पाजी, काली भाई, राजू पसरीचा, हरमन चौपड़ा, कर्नल छाबड़ा, रंजीत सोनकर, मुकेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



## वृक्षारोपण प्रकृति का सर्वोत्तम सिंगार है: कुलपति डॉ. पीके मिश्रा



### जनेकृविवि में वृहद स्तर पर आयोजित हुआ वृक्षारोपण

**जबलपुर यशभारत।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की सप्रेरणा से कृषि महाविद्यालय की कृषि वानिकी विभाग द्वारा संचालित अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना एग्रोफोरेस्ट्री एवं टीएफआरआई के एआईसीआरपी 28 परियोजना के संयुक्त तत्वाधान में आज फॉरेस्ट्री प्रक्षेत्र में 400 से अधिक शीशम के पौधों का रोपण किया गया। यह पौधे 6 प्रदेशों से (झारखंड महाराष्ट्र, बिहार, उडीसा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़) की 32 प्रजाति का संकलन कर रोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के मुख्यअतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी. के मिश्रा द्वारा वृक्षारोपण कर इस परियोजना के कार्य का शुभारंभ किया गया। इस दौरान कुलपति डॉ. मिश्रा ने कहा कि वृक्षारोपण प्रकृति का सर्वोत्तम सिंगार है। हम सबको समय-समय पर वृक्षारोपण के कार्यों को सतत् जारी रखना चाहिए। ताकि हमारी प्रकृति और सुंदर एवं बेहतर हो सके। वर्तमान में वृक्षों की संख्या में कमी होने से अनेक प्रकार की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। अतः यह एक चिंता का विषय है, इस विषय पर वैज्ञानिकों के साथ-साथ आम जनमानस को भी ध्यान देने की अति आवश्यकता है। कार्यक्रम में संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. जी के कौतू ने कहा कि वानिकी विभाग द्वारा कृषकों के बेहतर लाभ के दृष्टिकोण से एग्रोफोरेस्ट्री आधार पर शोध का कार्य अति उपयोगी साबित होगा। फॉरेस्ट्री विभाग के आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश बाजपेई ने प्रक्षेत्र पर कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा का स्वागत पुष्पगुच्छ से किया एवं परियोजना के लिये किए जा रहे कार्यों की संक्षिप्त जानकारी प्रदान की परियोजना प्रभारी डॉ. एस.बी. अग्रवाल ने बताया कि एग्रो बेस्ड कृषि हेतु शीशम का 400 से अधिक पौधों का रोपण लगभग 32 किस्मों का उपयोग कर किया जा रहा है। परियोजना के अंतर्गत पौधों की रोपण में पौधे से पौधे की एवं लाइन से लाइन की दूरी 3 मीटर रखी गई है। इस प्रकार शीशम के पौधों के बीच में अन्य फसलें जैसे गेहूं सरसों धान की खेती कर किसान भाई अतिरिक्त लाभ प्राप्त कर सकते हैं।वृक्षारोपण कार्यक्रम को वानिकी विभाग के साथ टीएफआरआई की वैज्ञानिक डॉ फातिमा सरीन, डॉ कौशल त्रिपाठी एवं श्री रवि हरगणे का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. जी. के. कौतू, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. दीप पहलवान, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय जबलपुर डॉ. पी.बी शर्मा कृषि वानिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश बाजपेई, परियोजना प्रभारी डॉ. एस. बी. अग्रवाल, सुरक्षा अधिकारी डॉ. वाय. एम. शर्मा, तकनीकी अधिकारी डॉ. अनय रावत, आईसीआर नोडल ऑफिसर डॉ. संजीव कुमार इंजीनियर शरद जैन डॉ. संजय सिंह, श्री मनोज पाठक, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. शेखर सिंह बघेल, डॉ यतिराज खरे, वानिकी विभाग के वैज्ञानिक एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## जीसीएफ के वीरेंद्र कोल को पावर लिफ्टिंग में रजत पदक

**जबलपुर यशभारत।** जीसीएफ में कार्यरत वीरेंद्र कुमार कोल ने ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज स्तरीय पावर लिफ्टिंग स्पर्धा में 59 किलो के समूह में दूसरा स्थान प्राप्त किया ।गत दिवस दिल्ली के प्रहलादपुर स्पोर्ट्स कंपलेक्स रोहीणी के त्यागराज स्टेडियम ग्राउण्ड में आयोजित 2022-23 ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज स्तरीय पावर लिफ्टिंग स्पर्धा में विरेंद्र कुमार कोल ने बेंच लिफ्ट में 110 किलो, डेड लिफ्ट में 227.5 किलो तथा स्कॉट लिफ्ट में 185 किलो इस तरह कुल 522.5 किलो भार उठाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वीरेंद्र कोल जीसीएफ के विद्युत विभाग में कार्यरत है और भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ (मिले हाथ) के सक्रिय कार्यकर्ता भी बताये जाते हैं। भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ के जेसीएम-3 राम प्रवेश सिंह एवं वीरेंद्र कुमार कोल के गुरु एस0 टेन्डुले के साथ मिले हाथ के लक्ष्मी पटेल राकेश रजक अजय शंकर कुँवर राजेंद्र वर्मा मनोज धर्मजन संदीप कटरे अनिल साहु, अभिषेक साहू आदि ने बधाई देते हुए हर्ष जताया है।



**कर्मचारी जगत**

## अनुकम्पा नियुक्ति का सरलीकरण किया जाए

**जबलपुर,यशभारत।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने मांग की कि अनुकम्पा नियुक्ति का सरलीकरण किया जाए संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि मृत शिक्षकों के आश्रितों को शिक्षा विभाग में अनुकम्पा नियुक्ति देने में डी.एड एव बी.एड की पात्रता समाप्त की जानी चाहिए। क्योंकि जहां एक तरफ गंभीर बीमारियों के चलते मृत हुए शिक्षकों के परिजन अपनी जीवका चलाने के लिए अतिषीघ्र अनुकम्पा नियुक्ति पाने की गुहार लगा रहे हैं वहीं दूसरी ओर यदि विभाग द्वारा षिक्षक संवर्ग के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति पाने हेतु डी.एड एव बी.एड की डिग्री अनिवार्यतः रखी जाती है तो इसमें डिग्री पाने हेतु दो साल का अतिरिक्त समय लग जाएगा जिससे मृत षिक्षकों के परिजनों को इतने लम्बे समय तक आर्थिक समस्याओं से जूझना प?गा फलस्वरूप उन्हे जीवकोपार्जन हेतु भयानक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। अतः आश्रितों को एक से दो माह के भीतर ही अनुकम्पा नियुक्ति दी जानी चाहिए। इन्ही कारणों से मृत षिक्षकों के आश्रितों में चिन्ता बनी हुई है। संघ के दिनेश गौड़, शहीर मुमताज, स्टेनली नॉबर्ट, हेमन्त ठाकरे, राकेष श्रीवास, एनोस विक्टर, रॉबर्ट फ्रांसिस, क्रिस्टोफर नरोन्हा, सुधीर पावेल, सतीष त्रिपाठी, आर.पी.खनाल, गुडविन चार्ल्स, सुनील झारिया, उमेष सिंह ठाकुर, फिलिप अन्थोनी, सुधीर अवधिया, धनराज पिल्ले, रऊफ खान, आदि ने शासन से मांग की है कि शिक्षा विभाग में गंभीर बीमारियों से मृत शिक्षकों के आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति देने में डी.एड एव बी.एड की अनिवार्यतः को समाप्त करते हुए उसमें शिथिलता लाई जाए।

### आन्दोलन का पहला चरण आज, ज्ञापन सौपेंगे कर्मचारी

मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रदेश स्तर के आवाहन पर 6 जनवरी को संपूर्ण मध्य प्रदेश में जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमत्री के नाम का ज्ञापन सौपा जायेगा सरकार द्वारा कर्मचारियों की पदोन्नितीयाँ नही की जा रही है। मुख्यमंत्री चिकित्सा बीमा योजना का लाभ नही दिया जा रहा है ,लिपिकों की वेतन विसंगति रमेश चद्र शर्मा की अनुशंसा के आधार पर सुधार नहीं किया गया हैं , केन्द्रीय कर्मचारियों के अनुसार आवास भत्ता, शहरी भत्ता, महगाई भत्ता, वाहन भत्ता नहीं दिया जा रहा है। प्रदेश के हजारों कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ भी नही दिया जा रहा है। अन्य माँगों को लेकर कर्मचारियों में भारी आकोश व्याप्त है। मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के संरक्षक योगेन्द्र दुबे जिलाध्यक्ष अटल उपाध्याय, नरेश शुक्ला, विश्वदीप पटेरिया, संतोश मिश्रा, अरवेंद् राजपूत, संजय गुजराल, मुकेश चतुर्वेदी, प्रसान्त सोंधिया, प्रदीप पटैल, रविकांत दहायत, देव दोनेरिया, एस के वांदिल, मुकेश मरकाम, नंदूलाल झारिया, धीरेंद्र सिंह,कपिल दुबे, संतोश दुबे, यू.एस करोसिया, रविबांगड, पी एल गौतम ने कर्मचारियों का तत्काल निराकरण किये जाने की माँग की है।

# कोहरा साफ पर सता रही गलाव वाली ठंड



**जबलपुर, यशभारत।** चार दिन कहर बरपाने के बाद आज कोहरा तो छंट गया और धूप निकली पर वातावरण में तीव्र शीतलता से धूप की चमक फीकी रही। तीन से चार किमी की गति से दिन भर चली बर्फीली हवाएं लोगों को सिहराती रहीं। लोगों ने गलाव वाली ठंड महसूस की। मौसम विभाग के अनुसार लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ों पर हुई बर्फबारी के असर से उत्तर पूर्वी हवाओं में बर्फीली ठंडक घुल गई है। जिससे वातावरण में गलाव वाली ठंड महसूस की जा रही है। अभी कुछ ऐसी ऐसी ही ठंडक महसूस की जाएगी। अब दिन का तापमान स्थिर रहेगा पर रात में ठंड का असर बढ़ जाएगा। तापमान में भी तीन से चार डिग्री तक की गिरावट आ सकती है। दिन का बढ़ा रात का कम हुआ तापमान-मौसम साफ होते ही दिन का तापमान भी करीब चार डिग्री तक उछल गया। कोहरा,धुंध और शीतलहर के कारण बुधवार को अधिकतम तापमान 16.7 डिग्री तक नीचे चला गया था जबकि गुरुवार को 20.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। तापमान बढ़ने के बावजूद वातावरण में गलाव वाली ठंड महसूस की गई। वही न्यूनतम तापमान में जरूर आंशिक गिरावट दर्ज की गई है। न्यूनतम तापमान एक डिग्री कम होकर 8.4 डिग्री सेलिसयस दर्ज किया गया। आज सुबह का तापमान 3 डिसे नीचे 7.3 डिसे रहा। जबकि आद्रता 87 प्रतिशत रही। – मौसम साफ रहेगा, शीतलहर चलने की संभावना जताई जा रही है।

## गरीबों को वितरित किए कंबल

मध्यप्रदेश में ठंड अपना कहर बरपा रही है. इस हाड़ कंपाने वाली ठंड में जबलपुर सहित पूरा प्रदेश शीतलहर की चपेट में है. ऐसे में घरों में रहने वाले लोग भी ठंड से बमुश्किल ही बच पा रहे हैं, तो वहीं कुछ निराश्रित लोग सड़कों पर रात गुजारने को मजबूर हैं, प्रशासन ने इन लोगों के लिए रैन बसेरों में पुख्ता इंतजाम किए हैं। ड्रीम अल्व फांउडेशन द्वारा रेलवे स्टेशन से लेकर सदर, शास्त्री नगर में कंबल वितरण का काम किया। फाउंडेशन ने 11 दिसंबर से कंबल वितरण का काम शुरू किया था अब तक 200 कंबल बांटे जा चुकें हैं।

## शीतलहर महापौर ने आज भी सार्वजनिक स्थलो पर कराई अलाव की व्यवस्था

नगर निगम द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' एवं निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार उद्यान विभाग द्वारा ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए ठंड से निजात दिलाने के उद्देश्य से शहर के प्रमुख स्थलों पर लगातार अलाव की व्यवस्था की जा रही है। आज शहर के प्रमुख स्थानों पर जलाऊ लक?ी उपलब्ध कराई गयी। सहायक आयुक्त श्रीमती अंकिता जैन ने बताया कि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के मार्गदर्शन में आज पुनः शहर के प्रमुख 100 स्थानों पर क्रमशः ग्वारीघाट रैन बसेरा, तिलवारा रैन बसेरा, वद्धा आश्रम शास्त्री नगर, कुष्ठ आश्रम मेडिकल, मेडिकल रैन बसेरा, पिसनहारी की म?िया रैन बसेरा, आईएसबीटी बस स्टैण्ड, दमोहनाका, आनंद नगर, गोकुलदास धर्मशाला रैन बसेरा, रेल्वे स्टेशन प्लेट फार्म नं. 1 एवं 6, कचेरी वाले बाबा हाईकोर्ट, शंकरशाह रघुनाथ शाह के सामने मालगोदाम चौक, बस स्टैण्ड तीन पत्ती, रेतनाका ग्वारीघाट, जोन कार्यालय 3 के सामने, मदन महल, प्रेम सागर पुलिस चौकी, सिद्धघाट, जिलेहरीघाट, उमाघाट, नावघाट, दरोगाघाट, अग्रवाल धर्मशाला, पार्षद कार्यालय विमल राय कमला भंडार, इश्त्याक अहमद, कलीम खान, गुलाम, शरद श्रीवास्तव, गुड्डू नवी, श्रीमती कविता रैकवार, मुकेश बिरहा, विनय सक्सेना विनोद तिवारी जगदीश होटल, सुनील यादव दमोहनाका, सत्यम तिवारी कोतवाली, अविनाश चमकेल, श्रीमती मधुवाला राजपूत, कमलेश अग्रवाल, भाजपा कार्यालय, सुपर मार्केट काफी हाउस, प्रतिभा भापकर, श्रीमती एकता गुप्ता, याकूब अंसारी, डॉ जाकीर हुसैन वार्ड, ईदगाह गोहलपुर नगीना मस्जिद का मैदान लंगर कमेटी, बाड़ा शहीद के पास नई बस्ती, गाजी मस्जिद के पास बड़ा कुआँ, गोकुलदास धर्मशाला, एवं अन्य प्रमुख स्थानों में अलाव की व्यवस्था की गयी है। आज पुनः उपरोक्त सभी स्थलों पर अलाव ईधन पहुँचवाया गया। उन्होंने बताया कि जिन स्थानों से सूचना मिलती है उन स्थानों पर तत्काल जलाऊ लकड़ी अलाव के लिए उपलब्ध कराई जा रही है। अलाव की व्यवस्था नियमित रूप से लगातार मॉग के अनुरूप से कराई जायेगी।

# ओएफके गेट पर ठेका फायरमैनों का धरना

**ठेकेदार कर रहा शोषण नहीं दे रहा पूरा वेतन**



**जबलपुर यशभारत।** आयुध निर्माणी खमरिया में आज अचानक ठेकेदार द्वारा नियुक्त फायरमैनों ने काम बंद कर गेट पर धरना प्रदर्शन आरंभ कर दिया।जिसको लेकर निर्माणी में हड़कंप मचा है।सुबह से ठेकेदार फायरमैनों से काम पर वापिस लौटने की अपील कर रहा है।लेकिन फायरमैनों का कहना है कि जितने वेतन पर अनुबंध हुआ पहले ठेकेदार उतना वेतन दे तभी काम पर वापिस आयेंगे। वहीं कर्मचारियों ने चिंता जाहिर की है कि इस दौरान निर्माणी मे हादसा हुआ तो फिर क्या होगा। जानकारी के अनुसार भर्तियों पर प्रतिबंध के चलते खमरिया प्रबंधन ने निर्माणी में ठेकेदार को ठेका के माध्यम से फायर ब्रिगेड का काम सौंपा है। बताया जाता है कि ठेकेदार अपने फायरमैनों को अनुबंध के तहत पूरा पैसा नहीं दे रहा है।जिसको लेकर आज सुबह से करीब40 से ज्यादा फायरमैन काम पर नहीं पहुंचे और उन्होंने गेट पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।निजी फायरमैनों का कहना है कि हम दिन रात संवेदनशील विस्फोटक निर्माणी में जान की बजी लगाकर काम कर रहे हैं।लेकिन ठेकेदार पूरा पैसा नहीं दे रहा है।जिससे हमें परिवार चलाना मुश्किल हो गया है।पहले ठेकेदार हमारा पैसा बढ़ाये तभी काम पर वापिस आयेंगे।सवाल यह है कि इस दौरान खमरिया में कुछ होता है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा।बहरहाल ठेका फायरमैनों का धरना प्रदर्शन जारी है।

### इनका कहना है

आज सुबह से40ठेका फायरमैन धरने पर हैं।वे काम पर नहीं आयें हैं।यह गंभीर मामला है।ओएफके संवेदनशील निर्माणी है यूं भी फायर ब्रिगेड आवश्यक सेवा में आती है।निर्माणी प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया। तत्काल ठेकेदार को तलब किया जा रहा है आवश्यक होने पर ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

**एन. डी तिवारी**
**जनसंपर्क अधिकारी**
**ओएफके**

# दलित नाबालिग लड़की के बलात्कार के मामले में आरोपी को दोहरा आजीवन कारावास



**जबलपुर यशभारत।** पाक्सो एक्ट की विशेष न्यायाधीश की अदालत ने दलित नाबालिग के साथ दुष्कर्त्य करने के आरोपी को दोषी पाते हुए दोहरे सश्रम आजीवन कारावास से दंडित किया है। अभियोजन के मुताबिक गढ़ा थाना क्षेत्र में गत 17जनवरी 2020 को एक नाबालिग लड़की के अपहरण की रिपोर्ट उसके पिता द्वारा दर्ज कराई गई थी उसके बाद नाबालिग लड़की को दस्तायाब किया गया। नाबालिग ने अपने बयान में बताया कि वह 14 जनवरी 2020 को शाम 4.30 बजे दुकान जाने के लिए घर से निकली थी तभी आरोपी विनोद रजक ने उसे फोन करके बेदीनगर किराना दुकान में फोन कर बुलाया जब वह पहुंची तो आरोपी आटो में बिठाकर बाईपास ले जाने लगा उसके पूछने पर उसने कहा थोड़ी देर में उसे छोड़ देंगे। उसके बाद उसने धमकी देकर बस में बैठाया और भोपाल ले गया जहां अशोका गार्डन के पास एक किराए के कमरे में रखा वहां लगातार तीन-चार दिन उसने दो से तीन बार उसका बलात्कार किया। नाबालिग के इस बायन के आधार पर पुलिस ने धारा 363 366 376(2एन) धारा 5(एल)/6 लैंगिक अपराधो से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012 धारा 9 बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 एवं धारा 3(1)(डब्ल्यू)(।।) 3(2)(5) 3(2)(5ए) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति(अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्रीमती मनीषा दुबे द्वारा दी गई दलीलों से सहमत होकर कोर्ट ने आरोपी को दोषी ठहराया और दोहरे आजीवन कारावास एवं ढाई हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

# हर घर शुद्ध पानी पहुंचे, कार्य की गुणवत्ता भी रहे : कलेक्टर

**(जल जीवन मिशन अंतर्गत केपीसिटी बिल्डिंग को लेकर तीन दिवसीय कार्यशाला आज से होटल ग्रांड समदरिया मॉल में किया जा रहा)**




**जबलपुर,यशभारत।** लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग एवं दक्ष फाउंडेशन के द्वारा ग्राम पंचायत स्तरीय हितधारकों का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आज से 07 जनवरी तक होटल ग्रांड समदरिया मॉल में किया जा रहा है। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री सौरव कुमार सुमन एवं विशिष्ट अतिथि एच.एस गोंड मुख्य अभियंता पी एच ई व अध्यक्षता दक्ष फाउंडेशन के डायरेक्टर श्री करन सिंह पवार और मालविका सिंह ने किया। जिसमें 10 गांव से चयनित 50 प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए नल जल के क्रियान्वन, संचालन, रख रखाव, गुणवत्ता व उपयोगिता में आ रही समस्याओं के समाधान और साथ ही इस योजना के संचालन में सक्रिय रूप जिम्मेदार बनने के लिए आव्हान किया। साथ ही पानी का प्रबंधन करने के लिए भी प्रेरित किया। कलेक्टर श्री सुमन ने कहा कि जल जीवन मिशन एक महत्वपूर्ण व बहुउद्देशीय योजना है इसमें जन सहयोग आवश्यक है योजना बनने के बाद क्षेत्र में इसके प्रभावी क्रियान्वयन कैसे हो इसके केपीसिटी बिल्डिंग के लिये आज कार्यशाला आयोजित की जा रही है। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि हर घर शुद्ध पानी पहुंचे साथ ही कार्य की गुणवत्ता भी रहे, इस बात पर ध्यान देना विशेष आवश्यक है, क्योंकि ठेकेदार कार्य पूर्ण कर चला जायेगा लेकिन योजना का लाभ तो स्थानीय लोगों को ही लेना है अत~कहीं भी कार्य व गुणवत्ता को लेकर कहीं भी लापरवाही हो रही है तो संबंधित अधिकारियों को तथा उन्हें अवगत करायें। उन्होंने कहा कि यह पूरी कोशिश है कि हर घर में नल से जल पहुंचे यदि कहीं कोई मजरे टोले छूट रहे है तो उसे भी जोड़ा जायेगा। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि जल सप्लाई का नेटवर्क अच्छा हो ताकि गुणवत्ता पूर्ण शुद्ध पानी मिले। कभी-कभी दूषित पानी बीमारी का कारण बनता है अत~इस बात पर भी ध्यान रखें कि शुद्ध पानी घरों में पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के हर बिन्दुओं को गंभीरता से समझें जिसमें राजस्व वसूली, बिजली बिल व पानी की शुद्धता तथा सामग्रियों की गुणवत्ता सही हो। क्योंकि इन सब से आने वाली पीढ़ी स्वस्थ्य रहेगी। कलेक्टर और मुख्य अभियंता के द्वारा प्रतिभागियों को ट्रेनिंग किट एवं एफटीके किट प्रदान कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। प्रथम दिन के 5 सत्र में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। जिसमें सर्वप्रथम सभी प्रतिभागियों से उनकी प्री ट्रेनिंग टेस्ट लिया गया 7 प्रथम सत्र में सुरक्षित एवं स्वच्छ जल का महत्व, जल गुणवत्ता जांच, सामुदायिक भागीदारी, योजना के कार्यान्वियन में महिलाओं एवं सभी हितधारिकों के अवसर, भूमिकाएं, जिम्मेदार और उत्तरदायी नेतृत्व का विकास जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई । कार्यक्रम के प्रथम दिवस को सफल बनाने में पूजा भुर्कक, दिव्या जैन, सरिता स्वामी, रितु तिवारी, शुभांगी, रूपाली, सुरुचि, मेघा, अमित शिवहरे, स्नेहिल, श्री नीरज दुबे, निशा बारे, शिवकुमार पटेल का विशेष योगदान रहा। कार्यशाला में पीएचई विभाग से एई गुप्ता जी, बी एस परिहार, मनीषा अग्रवाल एवं जिला पंचायत से प्रोजेक्ट ऑफिसर रूपा पचौरी एवं अरुण सिंह का भी सहयोग रहा।

## 38 सीट में विधानसभा चुनाव में जीत तलाशने मंथन प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में हुई संभागीय बैठक

**जबलपुर, यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी का मिशन 2023 को लेकर जमीन तैयार करने पर चिंतन तेज हो गया है। कार्यकर्ताओं के बाद सांसद,विधायक से लेकर जिला अध्यक्षों के साथ चुनावी रणनीति बनने लगी है। गुरुवार को भाजपा के संभागीय कार्यालय रानीताल में प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने सभी संभाग के सांसद, विधायक, जिला अध्यक्ष और प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक की। जिसमें संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने पर मंथन हुआ। इसके बाद संभाग की 38 विधानसभा पर एक-एक विधायकों से बंद कमरे में चर्चा की। बैठक में संभाग से 43 सदस्य आपेक्षित थे जिसमें 37 मौजूद रहे।संभागीय बैठक करने के बाद वीडी शर्मा ने कहा संगठनात्मक दृष्टि से कई पहलुओं पर कार्य विस्तार को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि आगामी 2023 के चुनाव की तैयारी भी शुरू हो गई है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय के राहुल गांधी की तारीफ करने संबंधी सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अभी उन्हें बयान की जानकारी नहीं है चपंत राय जैसे बड़े पदाधिकारियों का मन बड़ा होता है। ऐसे लोग जिन्होंने देश और समाज के लिए अपना जीवन खपा दिया उनका मन और बड़ा होता है। लेकिन वीडी शर्मा ने सापफ किया कि राहुल गांधी की यात्रा में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगे, टुकड़े-टुकड़े गैंग के कन्हैया कुमार जिनके साथ चले। ऐसी अभिनेत्री जिसे हिंदू होने पर शर्म आती है इन लोग यात्रा में शामिल है।

## वर्ल्ड रामायण कॉन्फेन्स, गणतंत्र दिवस एवं खेलो इंडिया इवेंट की तैयारियों के लिए निगमायुक्त का विशेष फोकस

**जबलपुरयशभारत।** निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के द्वारा 8 संभागीय अधिकारियों के साथ वर्ल्ड रामायण कॉन्फेन्स, 26 जनवरी 2023 गणतंत्र दिवस एवं खेलो इंडिया इवेंट के संबंध में बैठक की और सभी आवश्यक व्यवस्था शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के द्वारा आज संभाग क्रमांक 9 से 16 तक के संभागीय अधिकारियां की बैठक ली और प्रजेन्टेशन के माध्यम से प्रगति की जानकारी देखी। प्रजेन्टेशन देखने के उपरांत उपस्थित संभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि छोटे-छोटे काम जो संभाग स्तर पर होने हैं उसे संभागीय अधिकारी अपने-अपने स्तर पर कराएँ। उन्होंने तालाब के सौन्दर्यीकरण की डी.पी.आर तैयार करने, रिस्टोरेशन, कॉमन बाउंड्रीवाल, आदि निर्माण के संबंध में टेण्डर जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने महिला मार्केट में लाइट एवं अंधेरदेव मस्जिद के सामने शौचालय के उन्नयनीकरण कराते हुए लार्डगंज शौचालय का भी उन्नयनीकरण कराने के निर्देश दिये।

# कोयले से रोजाना बनती है 2 हजार 700 मीट्रिक टन राख

## प्रदेश के थर्मल पावर हाउस की राख से चमक रही मुबंई की सड़के

**जबलपुर यशभारत।** मुंबई की नई सड़कें अब मध्यप्रदेश के थर्मल पावर हाउस से निकली राख यानी फ्लाई ऐश से बनाई जा रही हैं। इसका इस्तेमाल मुंबई के सी लिंक के लिए भी किया जा रहा है। सारनी के सतपुड़ा थर्मल पावर हाउस और खंडवा के सिंगाजी थर्मल पावर हाउस से मालगाड़ियों के जरिए यह राख मुंबई भेजी जा रही है। सारनी पावर हाउस से 4 हजार मीट्रिक टन राख की एक खेप हाल ही में पुणे होती हुई मुंबई भेजी गई है। ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव संजय दुबे ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पहली बार मालगाड़ी के जरिए राख भेजने का प्रयोग सफल रहा। उन्होंने बताया कि सतपुड़ा पावर हाउस की 10 और 11 नंबर यूनिटों से 500 मेगावाट बिजली उत्पादन के लिए रोजाना 7 हजार मीट्रिक टन कोयले की खपत होती है। इतने कोयले के इस्तेमाल के बाद पावर प्लांट से रोजाना 2हजार 700 मीट्रिक टन राख निकलती है। अभी इन दोनों थर्मल पावर हाउस की राख से मुंबई में सड़कों के निर्माण का काम हो रहा है। साथ ही यह राख सीमेंट फैक्ट्रियों में भी सप्लाई की जा रही है।

### इसके यह भी फायदे

पावर हाउस के फ्लाई ऐश डेम यानी राख बांध पर हर साल करोड़ों रुपए खर्च होते है। पावर हाउस के आसपास के इलाके में प्रदूषण कम होगा।

### फ्लाई ऐश मजबूत भी

निर्माण के वक्त सड़क के नीचे की कमजोर मिट्टी के बेस को फ्लाई ऐश यानी राख मिलाकर मजबूत किया जाता है। कंक्रीट की सड़क या मास कांक्रीट के स्ट्रक्चरल कंपोनेंट में भी सीमेंट से साथ फ्लाई ऐश मिलाने से मजबूती बढ़ती है। फ्लाई ऐश की ताकत पानी के साथ सीमेंट जैसी ही मजबूत होती है। विजय सिंह वर्मा रिटायर्ड प्रमुख

## चित्रकला प्रदर्शनी रंग प्रमोद, कल से



**जबलपुर, यशभारत।** संस्था पाथेय के तत्वावधान में वरिष्ठ चित्रकार प्रमोद कुशवाहा द्वारा निर्मित जीवन-जगत, प्रकृति-अध्यात्म पर आधारित कलात्मक एकल चित्रों की द्वि-दिवसीय चित्रकला प्रदर्शनी चरंग प्रमोदज 07 जनवरी 2023 दिन शनिवार, समय अपरान्ह 4 बजे से स्थान- कलावीथिका, रानी दुर्गावती संग्रहालय जबलपुर में आयोजित की जा रही है। उक्त चित्रकला प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि सुशील धानुका (वरिष्ठ साहित्यकार, कला मर्मज्ञ, बैंकाक थाईलैण्ड) रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमरेन्द्र नारायण (वरिष्ठ साहित्यकार), सारस्वत अतिथि डॉ. करूणा शर्मा (वरिष्ठ साहित्यकार, नई दिल्ली), आर्शीवाद डॉ. राजकुमार सुमित्र (वरिष्ठ साहित्यकार), संचालन राजेश पाठक च्प्रवीण करेंगे।

### स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 : स्वच्छता की पाठशाला

## स्कूली बच्चों को स्वच्छता के सभी मापदण्डों की दी गई जानकारियॉ

**जबलपुरयशभारत।** निगमायुक्त आशीष वशिष्ट के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा स्वच्छता जनजागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि नगर निगम के द्वारा गठित आदित्य कंस्ट्रक्शन टीम के गणेश राव द्वारा रेयान इंटरनेशनल स्कूल, स्टेमफील्ड हाईयर सेकंड्री स्कूल, सेंट जेविअर स्कूल तथा जॉय हाईयर सेकंड्री स्कूल के छात्रों में स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को होम कम्पोस्टिंग, कचरे के पृथकीकरण तथा गीले कचरे से खाद बनाने की विधि एवं भारत सरकार द्वारा प्रतिबंधित एकल प्लास्टिक के प्रतिबंध के संबंध में जानकारी दी गई तथा जैविक खाद से होने वाले फायदे के बारे में बताया गया, साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने हेतु सभी को प्रेरित किया गया तथा बाजार में समान लेजाने हेतु कप? के थेले का उपयोग करने अपील की गई। इस बीच स्कूल के छात्रों के अलावा अध्यापकों में भी भरपूर उत्साह देखा गया । अध्यापको द्वारा इस तरह के कार्यक्रमों की सराहना की गई, और कहा गया आगे भी इस तरह के कार्यक्रम आगे भी आयोजित किये जाए जिससे बच्चों में स्वच्छता को लेकर जागरूकता निरंतर बनी रहे ।कार्यक्रम का संचालन आदित्य कंस्ट्रक्शन के गणेश राव द्वारा किया गया, जिसमे सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक श्रीमती तृप्ति चौधरी उपस्थित रही तथा बच्चो का मार्गदर्शन भी किया, साथ ही सफाई मित्र के प्रशिक्षण की कार्यशाला की श्रंखला में मानस भवन स्थित मिनी हॉल में आयोजन किया गया। जिसमे संभाग 4 छोटी लाइन फाटक के ड्राइवर, सहायक, व सफाई मित्रो ने बढ-चढकर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी द्वारा किया गया, आदित्य कंस्ट्रक्शन के गणेश राव, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक श्रीमती तृप्ति चौधरी उपस्थिती रही।

## जबलपुर में करीब 40 हजार मतदाताओं की हुई वृद्धि

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर में वोटरों की संख्या 18 लाख 3 हजार 48 हो गई है। एक महीने चले वोटर लिस्ट अपडेशन में करीब 40 हजार नए मतदाता बढ़े हैं। 18-19 एज ग्रुप में 27998 वोटर हो गए हैं, जो आने वाले चुनावों में पहली बार वोट डालेंगे। वहीं थर्ड जेण्डर मतदाताओं में बढ़ोत्तरी हुई जिसमें 110 थर्ड जेण्डर जिले में हो गए हैं इससे पहले 85 थर्ड जेण्डर मतदाता थे। साथ ही 23 हजार 174 लोगों के नाम काटने की कार्रवाई हुई है। जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने बताया कि पूरे मध्यप्रदेश में 9 नवंबर से 8 दिसंबर के बीच मतदाता संक्षिप्त पुर्नरिक्षण की कार्रवाई की गई। इस दौरान जबलपुर में भी यह कार्य किया गया। मतदान केंद्रों पर बीएलओ मौजूद रहे, उनकी मदद से फार्म-6 (नाम जोडने), फार्म-7 (नाम हटाने) और फार्म-8 (संशोधन) आवेदन लिए गए।

## सॉंसद खेल महोत्सवः कल रानी दुर्गावती समाधि स्थल से मशाल लेकर निकलेंगे धावक

**जबलपुर,यशभारत।** जबलपुर की खेल प्रतिभाओं को आगे लाने और यूवाओ में खेलो के प्रति जागरूकता लाने हेतु प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर सॉंसद राकेश सिंह के आह्वान पर 12 जनवरी से प्रारंभ हो रहे च्सॉंसद खेल महोत्सवज्ज की शुरुआत मशाल संकल्प यात्रा से आगामी 7 जनवरी को रानी दुर्गावती समाधि स्थल से होगी। सॉंसद राकेश सिंह ने बताया सॉंसद खेल महोत्सव में पंचायत से लेकर वार्ड स्तर तक की खेल प्रतिभाओं को शामिल करने खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हो रहा है इसके जनजागरण हेतु मशाल संकल्प यात्रा की शुरुआत 7 जनवरी को रानी दुर्गावती की समाधि से होगी इस यात्रा में जबलपुर के धावक मशाल लेकर समाधि से भंवरताल उद्यान तक दौ?ते हुए आएंगे और यहाँ उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि की जाएगी इसके बाद यह मशाल जबलपुर की आठो विधानसभा में भ्रमण 11 जनवरी तक भ्रमण करेगी और 12 जनवरी से 23 जनवरी तक होने वाले सॉंसद खेल महोत्सव में सहभागिता हेतु जनजागरण किया जाएगा।

**नाम सुधार**

मैं अनुभूति बादशा जैन यह घोषणा करती हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम अनुभूति बादशा जैन पति अखिलेश कुमार जैन दर्ज है। परंतु मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम अनुभूति जैन पति अखिलेश जैन दर्ज है। जो कि अधूरा है एवं मेरे पासपोर्ट में निवास स्थान का पता 152 मनमोहन नगर जबलपुर दर्ज है।अतः आज दिनांक से मेरे पासपोर्ट में मेरा सही नाम अनुभूति बादशा जैन पति अखिलेश कुमार जैन एवं मेरा पता 151/152 मनमोहन नगर जबलपुर दर्ज किया जाये।

**अधूरा नाम - अनुभूति जैन**
**पूरा नाम -अनुभूति बादशा जैन**
**पति अखिलेश कुमार जैन**
पताः 151/152 मनमोहन नगर
जबलपुर (मप्र)

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर लोककर्म विभाग**

N.I.T. No PWD-e-tendering/PRO-627 Deted 05.01.2023

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

पंजीकृत ठेकेदार/मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र | पैकेज/कोड | कार्य का नाम | जिला | अनुमानित लागत (लाख में) | निर्माण अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संक्र 12 | घंटाघर पं लोकमान्य बालगंगाधर तिलक वार्ड अंतर्गत नया मोहल्ला हुसैन चौक से मदरसा पलदरैन होते हुए बंगाली मस्जिद के आगे तक सड़क मरम्मत कार्य (पार्षद अनुशंसा) | जबलपुर | रु. 8.56 लाख (आठ लाख छप्पन हजार रुपए मात्र) | 03 माह |

1 इच्छुक निविदाकार निविदा सूचना (N.I.T) का विवरण www.mptenders.gov.in में देख सकते हैं।
2 निविदा प्रपत्र दिनांक 9.1.2023 को प्रातः 10.30 बजे से दिनांक 17.1.2023 सायं 5.30 बजे तक ऑनलाइन निविदा क्रय की जा सकती है।

**कार्यपालन यंत्री, नगर निगम**

# मध्य प्रदेश में एक पुलिस कर्मी के हवाले 748 लोगों की सुरक्षा

**भोपाल (राज्य ब्यूरो)।** शांति का टापू कहे जाने वाले मध्य प्रदेश में जनसंख्या बढ़ने के साथ ही अपराधों का ग्राफ भी बढ़ा है, लेकिन पुलिस बल उस अनुपात में नहीं बढ़ाया गया। इस कारण प्रदेश में पुलिस बल की बहुत ज्यादा कमी हो गई है। मध्य प्रदेश पुलिस की डाटा रिपोर्ट में सामने आया है कि प्रदेश में 1956 में एक पुलिसकर्मी पर औसतन 520 लोगों की सुरक्षा का दायित्व था, जो 2022 में ब?कर 748 हो गया है। मध्य प्रदेश पुलिस के विभिन्न विभागों में स्वीकृत पदों के सापेक्ष 25 से लेकर 40 प्रतिशत तक कम पुलिस बल है। पुलिसकर्मी कम होने के कारण अपराध ब? रहे हैं। साथ ही पुलिस बल पर कामकाज का बोझ ज्यादा होने की वजह से फरियादियों को न्याय मिलने में भी देरी होती है। रिपोर्ट के अनुसार मध्य प्रदेश में प्रति लाख आबादी पर



117 पुलिसकर्मी हैं, जबकि दिल्ली में 480, उत्तर प्रदेश में 123, पंजाब में 236, महाराष्ट्र में 165, हरियाणा में 209 हैं। हालांकि, बिहार और गुजरात से मध्य प्रदेश की स्थिति इस मामले में ठीक है। पूरे देश के औसत की बात करें तो यह आंकड़ा 124 है। प्रदेश में पुलिस बल की यह स्थिति तब है जब अनुसूचित जनजाति के लोगों पर देश में सबसे ज्यादा अपराध होने का कलंक प्रदेश के माथे पर लगा है। अनुसूचित जाति के लोगों पर अपराध के सर्वाधिक मामले में भी मध्य प्रदेश देश में तीसरे नंबर पर है। यह जानकारी नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो की 2021 की रिपोर्ट के अनुसार है।

### 1956 की तुलना में 2022 की स्थिति

स्ब्क हृद्ग2ह्य- प्रदेश के शासकीय चिकित?सा महाविद्यालयों में होगी फिजियोथेरेपी की पढ़ाई
स्ब्क हृद्ग2ह्य- प्रदेश के शासकीय चिकित?सा महाविद्यालयों में होगी फिजियोथेरेपी की पढ़ाई
यह भी पढ़ें

निर्देशांक--1956--2022
कुल स्टाफ--36,506--121,182
कुल आइपीसी अपराध–66, 665--287,673
बजट--5.24 करोड़--7,453 करोड़
पुलिस स्टेशन (सभी तरह के थाने मिलाकर)--742--1,159
एक पुलिस स्टेशन के अधीन आबादी--25,088--77,356
प्रति दस हजार आबादी पर पुलिस--19--13एक पुलिसकर्मी के अधीन औसत जनसंख्या--520–748

### इनका कहना है

पुलिस की भर्ती लगातार चल रही है। अभी आरक्षक के छह हजार पदों को भरा गया है। इन्हें मुख्यमंत्री जल्द प्रमाण पत्र देने वाले हैं। सात हजार पदों पर और भर्ती की जाएगी। यह प्रक्रिया लगातार चलती रहेगी।

**डा. नरोत्तम मिश्रा गृह मंत्री, मध्य प्रदेश**

# दूसरे विभागों में संलग्न शिक्षक मूल संस्था में लौटकर पुन : पढ़ाएंगे

## डीपीआइ ने जारी किया आदेश !

**भोपाल ईएमएस।** स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को मूल संस्था यानी स्कूलों में फिर से पढ़ाने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश में यह लिखा है कि अगर शिक्षकों को मूल संस्था में नहीं भेजा गया और शिक्षा पोर्टल पर संख्या को नहीं दर्शाया गया तो उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआइ) ने आदेश जारी किया है। आदेश में लिखा है कि शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त किया जाए, नहीं तो अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। यहां पर यह बता दें कि प्रदेश में करीब 12 हजार शिक्षक दूसरे विभाग में प्रतिनियुक्ति या संलग्न हैं। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। हालांकि कई बार जारी आदेश के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती है। अब इस आदेश के अनुसार उन्हें फिर से मूल संस्था स्कूल में लौटकर पढ़ाना होगा। सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को वेतन स्कूलों से जारी होता है, लेकिन वे अटैच दूसरे विभागों में हैं। स्कूल शिक्षा विभाग में पर्याप्त शिक्षक होने के बावजूद उन्हें गैर शैक्षणिक कार्यों में लगाने से कई स्कूल शिक्षक विहीन हो गए हैं। प्रदेश के 12 हजार शिक्षक कई जगहों पर अटैच और प्रतिनियुक्ति पर हैं। इसमें कलेक्ट्रेट कार्यालय, मंत्रालय, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, मंत्री और अन्य अधिकारियों के यहां शिक्षक अटैच हैं।



# जबलपुर, भोपाल सहित प्रदेश के चार बड़े शहरों में सीवेज की सफाई के लिए तैनात होंगे रोबोट

**भोपाल, यश भारत।** राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे भवन में आयोजित दो दिवसीय जल सम्मेलन में देशभर से पहुंचे विभिन्न राज्यों के जलमंत्रियों के सामने रोबोट का प्रजेंटेशन दिया गया। स्वच्छ भारत अभियान के तहत अब भोपाल, जबलपुर, देवास और रतलाम जैसे शहरों में जल्द ही रोबोट सीवेज लाइन की सफाई करते दिखेंगे। सीवेज लाइन को साफ करने के लिए सफाईकर्मियों को जान जोखिम में डालकर इसमें उतरने की जरूरत नहीं होगी। केरल की जेनरोबोटिक इनोवेशन कंपनी का रोबोट 'बैंडीकूट' इन शहरों में यह काम शुरू करेगा। बड़े शहर इस रोबोट को खरीदने की तैयारियां कर रहे हैं। गुरुवार को पहले ही इस तरह के रोबोट का प्रयोग कर इंदौर स्वच्छता में पहली रैंकिंग पर बना हुआ है। कंपनी के डायरेक्टर अरुण जी ने बताया कि



आकार में छोटा सा यह रोबोट किसी भी पाइप लाइन के भीतर जाकर वहां जमी मिट्टी, कीचड़ और अन्य पदार्थों को धकेलने में सक्षम है। यही नहीं इसकी गति के जरिए उसे बाहर भी निकाला जा सकता है। इस तकनीक का उपयोग सिर्फ सीवेज लाइन की मरम्मत करने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पेयजल आपूर्ति के दौरान पाइप में आने वाली दिक्कतों का पता लगाने में भी इसका उपयोग हो सकता है।

### रोबोट क्लीनर की यह खासियत

– सीवर मेनहोल के हर क्षेत्र तक पहुंचता है रोबोट।– सीवेज पाइप के कोनों के अलावा हर क्षेत्र से शत-प्रतिशत क्लीनिंग करना।– रोबोट की कीमत करीब 33 लाख रुपये है।– मल्टी फंक्शनल रोबोटिक भुजाओं वाला रोबोट करता है सर्जिकल क्लीनिंग।– चार पैरों से युक्त रोबोट अपनी 100 प्रतिशत क्षमता से काम करता है। – रात में देखने के लिए इसमें 13 इंच का एचडी डिस्प्ले लगा है।– एक बार मेनहोल के अंदर जाने के बाद हर दो मिनट में कचरा बाहर निकालेगा रोबोट।– 20 से 40 मिनट में एक मेनहोल साफ हो जाएगा, पांच लीटर डीजल में सात से आठ घंटे करेगा काम। – 10 मीटर अंदर जाकर कर सकेगा सफाई।

### नाइट विजन कैमरा भी

इस रोबोट को आपरेट करने के लिए इलेक्ट्रानिक पैनल बनाया गया है, जिस पर एक स्क्रीन लगी है, जो हिस्सा मेनहोल के अंदर जाता है, उस पर नाइट विजन कैमरा लगा है। कैमरे के जरिए मेनहोल के अंदर की पूरी तस्वीर स्क्रीन पर दिखाई देती है।सेंसर बता देगा अंदर जहरीली गैस तो नहींइस रोबोट पर ऐसा सेंसर लगा है।

## मकर संक्रांति पर मप्र में चाइनीज मांझा बेचने वालों की खैर नहीं, रासुका के तहत हो सकती है कार्रवाई

**भोपालयशभारत।** मकर संक्रांति का पर्व आ रहा है। इस पर्व के मौके पर पतंगबाजी भी खूब होती है। पतंगबाजी में चाइनीज मांझे पर रोक के बावजूद बाजार में यह खूब बिकता है। चायनीज मांझे के इस्तेमाल के चलते लगातार दुर्घटनाओं का भय बना रहता है। चाइनीज मांझे की वजह से लोगों की मौत की घटनाएं भी सामने आई हैं। ऐसे ही मामलों का संज्ञान लेते हुए प्रदेश सरकार ने इस मामले में सख?त रुख अपनाया है।गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने यह घोषणा की है कि चाइनीज मांझा बेचने वालों के खिलाफ रासुका जैसी कार्रवाई हो सकता है। उन्होंने चाइनीज मांझा बेचने वालों को खबरदार करते हुए कहा कि वे इससे बाज आएं।मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान जब नरोत्तम ने एक पत्रकार द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि हमने हाल ही में उज्?जैन में चाइनीज मांझा बेचने वालों के खिलाफ सख?त कार्रवाई की है।

# बीयू ने हवाई यात्रा के अटकाए 14 लाख, कुर्की की नौबत

**भोपाल,यशभारत।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय(बीयू) में सात साल पहले एक अंतरराष्ट्रीय कांफेंस के दौरान आमंत्रित अतिथियों को हवाई जहाज से टिकट देकर बुलाया गया था। हवाई यात्रा का करीब 14 लाख रुपये का भुगतान विश्वविद्यालय प्रबंधन ने नहीं किया था। इसके चलते ट्रैवल एजेंसी ने अदालत का दरवाजा खटखटाया था। अदालत ने इस संबंध में विश्वविद्यालय की चल-अचल संपती कुर्क कर 14 लाख रुपये वसूलने का नोटिस जारी किया है। गुरुवार को जब विश्वविद्यालय प्रबंधन को कुर्की का नोटिस मिला तो हड़कंप मच गया। हालांकि करीब चार माह पहले कार्य परिषद(ईसी) की बैठक में सदस्यों ने भी इस मामले की आडिट और फाइनेंस कमेटी से जांच करने की बात कही थी। ईसी सदस्यों ने कहा था कि यदि टिकट नियमानुसार हैं तो भुगतान किया जाए अन्यथा निरस्त किया जाए।अभी तक इस मामले में कुछ भी नहीं हुआ।



दरअसल, तात्कालीन कुलपति एमडी तिवारी के कार्यकाल 2014-15 में विश्वविद्यालय में स्टेम सेल विषय पर अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया गया था। इसमें देश-विदेश से विशेषज्ञ शामिल हुए थे।जिन्हें एयर टिकट के माध्यम से कांफ्रेंस में बुलाया गया था। इस यात्रा के लिए एयर टिकट की बुकिंग एक ट्रैवल एजेंसी के माध्यम से कराई गई थी, लेकिन इसका 14 लाख बकाया का भुगतान अब तक नहीं किया गया। वहीं विश्वविद्यालय के नए कुलपति एसके जैन विश्वविद्यालय को ए-ग्रेड दिलाने के लिए प्रयासरत हैं।

विभागों का निरीक्षण जारी है

बीयू में 10 व 11 जनवरी को नैक की टीम निरीक्षण करने आने वाली है। बीयू को बी-ग्रेड मिला है। इसे लेकर विश्वविद्यालय में सभी विभागों में तैयारियां जोरो पर है। अभी हाल में राजभवन की टीम निरीक्षण कर गई थी। टीम ने जो कमियां गिनाई थी।उसे ठीक किया जा रहा है।इसके लिए वे कई कमेटियां गठित कर चुके हैं। हर विभाग में पांच सदस्यों की कमेटी गठित की गई है।

# शताब्दी, राजधानी एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनें चल रही लेट

**भोपाल, यशभारत।** कोहरे के कारण लगातार देरी से चल रही ट्रेनों का असर भोपाल रेल मंडल की गाड़ियों पर भी पड़ रहा है। गुरुवार को रानी कमलापति से नई दिल्ली के बीच चलने वाली 12001 शताब्दी एक्सप्रेस को 45 मिनट की देरी से चलाया गया। रानी कमलापति से शताब्दी को दोपहर 3.15 की जगह शाम चार बजे रवाना किया गया। इसके अलावा हजरत निजमुद्दीन से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के बीच चलने वाली राजधानी एक्सप्रेस को भी 1.45 घंटे रीशेड्यूल किया गया। इसके पूर्व नई दिल्ली से रानी कमलापति के बीच चलने वाली 12002 शताब्दी एक्सप्रेस एक घंटे पांच मिनट की देरी से दोपहर 3.45 पर रानी कमलापति स्टेशन पर पहुंची। रानी कमलापति-नई दिल्ली शताब्दी के अलावा जबलपुर से चलने वाली



22181 जबलपुर-निजामुद्दीन एक्सप्रेस को 1.30 घंटे रीशेड्यूल कर चलाया गया। इसके अलावा दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन स्टेशन से भोपाल होकर चलने वाली तीन गाड़ियां साढ़े तीन घंटे की देरी से चली। इसके कारण रेल यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। दरअसल कोहरे के कारण गाड़ियां देरी से अपने गंतव्य तक पहुंच रही हैं। इस कारण ट्रेनों को दूसरी ओर चलाने से पहले रीशेड्यूल किया जा रहा है। गाड़ी का नंबर और नाम स्टेशन चलने का समय रीशेड्यूल के बाद समय1. 12190 महाकौशल एक्सप्रेस हजरत निजामुद्दीन दोपहर 2.33 दोपहर 3.552. 12191 श्रीधाम सुपरफास्ट हजरत निजामुद्दीन दोपहर 2.05 शाम 5.353. 22222 राजधानी एक्सप्रेस हजरत निजामुद्दीन शाम 4.55 शाम 6.40 4. 22181 जबलपुर निजामुद्दीन जबलपुर दोपहर 3.30 शाम 5 बजे।

## जिले में बढ़े 51 हजार 466 नए मतदाता, महिलाएं रहीं पुरुषों से आगे

भोपाल यशभारत। भोपाल जिले में अब मतदाताओं की संख्या 20 लाख एक हजार 510 हो गई है। इनमें सबसे अधिक मतदाता हुजूर विधानसभा में 17 हजार 994 जोड़े गए हैं। जबकि जिले की मतदात सूची में कुल 83 हजार 624 मतदाताओं के नाम जुड़े हैं। इनमें नए 51 हजार 466 मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं। वहीं 32 हजार 151 मतदाता ऐसे हैं जिन्होंने अपने स्थान में परिवर्तन करवाया है। इससे पहले मतदाताओं की संख्या कुल 19 लाख 50 हजार 44 थी।दरअसल जिले में मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 का काम नवंबर में शुरू किया गया था। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश लवानिया ने बताया कि विशेष प्रयासों से मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। हालांकि जो मतदाता रह गए हैं, वह अब भी आनलाइन माध्यम से अपने नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं।

# तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक का हो सकता है बजट

**भोपाल, यशभारत।** मप्र सरकार ने आगामी वित्तीय वर्ष के बजट की तैयारी प्रारंभ कर दी है। यह तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक का हो सकता है। चुनाव वर्ष होने के कारण इसमें सभी वर्गो को साधने के लिए प्रावधान किए जाएंगे। राज्य के ऊपर अधिक वित्तीय भार न आए, इसके लिए सरकार राशि जुटाने के लिए केंद्र सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की कार्ययोजना बनाकर काम कर रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान स्वयं इसकी निगरानी कर रहे हैं और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दो बैठक भी कर चुके हैं।



कोरोना महामारी के कारण प्रभावित हुई प्रदेश की अर्थव्यवस्था पटरी पर आ गई है। सरकार का राजस्व संग्रहण भी बढ़ रहा है और केंद्र सरकार से भरपूर सहयोग भी मिल रहा है, पर ऋण का बोझ भी बढ़ता जा रहा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में सरकार 12 हजार करोड़ रुपये का ऋण ले चुकी है। इसे मिलाकर प्रदेश के ऊपर तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक का ऋण हो गया है। हालांकि, यह प्रदेश के लिए स्वीकृत ऋण लेने की सीमा के भीतर है। उधर, इस वर्ष ब्याज अदायगी पर 22 हजार करोड़ और ऋणों के पुनर्भुगतान में 24 हजार करोड़ रुपये से अधिक राशि का व्यय अनुमानित है।

उधर, प्रदेश की अर्थव्यवस्था को लेकर सरकार विपक्ष के निशाने पर है। विधानसभा में कांग्रेस द्वारा सरकार के विरुद्ध प्रस्तुत किए गए अविश्वास प्रस्ताव में भी यह प्रमुख मुद्दा था। हालांकि, सरकार का दावा है कि अर्थव्यवस्था गतिशील बनी हुई है। राजस्व संग्रहण बढ़ा है तो स्वयं की आय बढ़ाने के रास्ते भी तलाशे गए हैं। जो ऋण लिया जा रहा है, वो नियमानुसार है और उसका उपयोग अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए किया जा रहा है। पूंजीगत व्यय रिकार्ड 43 हजार करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। केंद्र सरकार भी राज्य के इस दिशा में किए जा रहे प्रयास की सराहना कर चुकी है। प्रदेश की वित्तीय स्थिति का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि वर्ष 2022-23 में 12 हजार करोड़ रुपये का ऋण ही लिया गया है, जबकि 38 हजार करोड़ रुपये से अधिक ऋण लेने की पात्रता है।

## प्रदेश के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में होगी फिजियोथेरेपी की पढ़ाई

भोपाल,यशभारत। प्रदेश के सभी मेडिकल कालेज में फिजियोथेरेपी की पढ़ाई कराई जाएगी। इसे लेकर चिकित्सा-शिक्षा विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। विभाग ने निर्णय लिया है कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 से मध्यप्रदेश के चिकित्सा महाविद्यालयों में बीपीटी का पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जायेगा। चिकित्सा शिक्षा मंत्रालय ने यह निर्णय मध्यप्रदेश भाजपा के चिकित्सा प्रकोष्ठ के ज्ञापन के संबंध में लिया है।चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने बताया कि मेडिकल कालेजों में फिजियोथेरेपी पाठ्यक्रम प्रारंभ किये जाने पर न केवल अध्ययन प्रशिक्षणरत विद्यार्थियों, इन्टर्न, पीजी. स्कालर्स को उच्च स्तरीय शिक्षण प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जा सकेगा, चिकित्सा संस्थानों पर बड़ी संख्या में आने वाले रोगियों को योग्य फिजियोथेरेपिस्ट के माध्यम से चिकित्सा सेवायें प्रदान करने लिए मानव संसाधन भी उपलब्ध रहेगा।

# सीएम ने महाराणा प्रताप की जयंती पर 22 मई को अवकाश घोषित किया

***भोपाल, यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि महाराणा प्रताप ने कभी भी स्वतंत्रता से समझौता नहीं किया। वे हमारी शक्ति, सामर्थ्य और प्रेरणा के स्रोत हैं। पृथ्वीराज चौहान ने 18 बार विदेशी अक्रांताओं को परास्त किया था। राणा सांगा, बप्पा रावल, रानी पद्मावती, कुंवर सिंह, राणा बख्तावर सिंह, कुंवर चैन सिंह एक नहीं अनेक ऐसे शूरवीर और क्रांतिकारी भारत भूमि में हुए, जिन्होंने भारत माता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दुश्मन को नेस्तनाबूद कर दिया।**

देश की सीमाओं की रक्षा हो या दीन-हीन और कमजोरों की अत्याचार से रक्षा, क्षत्रिय समाज ने कभी अपनी जान की परवाह नहीं की। ऐसे भाई-बहनों को मैं प्रणाम करता हूँ। मुख्यमंत्री श्री चौहान निवास परिसर में क्षत्रिय समागम को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि देश के लिए जीने मरने वालों और धर्म संस्कृति की रक्षा करने वालों की छवि धूमिल करने का किसी को अधिकार नहीं है। राज्य सरकार सबके साथ-सबके विकास में विश्वास रखती है। सरकार की ओर से समाज के मान-सम्मान और प्रतिष्ठा को अक्षुण्ण रखने तथा उसमें वृद्धि के लिए हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने क्षत्रिय समागम में प्रस्तुत 21 सूत्रीय मांग पत्र के परिप्रेक्ष्य में मांगे स्वीकार करते हुए महाराणा प्रताप की जयंती पर 22 मई 2023 दिन सोमवार को अवकाश स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि फिल्म पद्मावती पर प्रतिबंध की मांग को लेकर हुए आंदोलनों संबंधी प्रकरण वापिस लिए जाएंगे। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास बनाने के संबंध में समाज के

## श्री चौहान ने किया क्षत्रिय समागम को संबोधित

साथ मिल कर कार्य-योजना बनाई जाएगी। प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों से कम परीक्षा शुल्क लिया जाएगा।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ऐतिहासिक तथ्यों और परिवारों की वंशावली आदि से छेड़छाड़ करने वालों पर कानून कार्यवाही की जाएगी। पाठ्यक्रम समिति में एक प्रतिनिधि राजपूत समाज का होगा, इतिहास को सही संदर्भ में लिखा जाएगा और पाठ्यक्रमों की गड़बड़ियों को ठीक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सामान्य वर्ग के गरीब विद्यार्थियों को विशेष सहयोग देने की व्यवस्था की जाएगी। सवर्ण आयोग में एक राजपूत क्षत्रिय प्रतिनिधि आवश्यक रूप से सम्मिलित किया जाएगा।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सीडीएस स्व. श्री विपिन रावत की प्रतिमा लगाने के लिए राज्य सरकार द्वारा भूमि उपलब्ध कराई जाएगी और स्थानीय निकाय की सहायता से प्रतिमा स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि राजपूत क्षत्रिय समाज के युवाओं को जरूरत पड़ने पर आर्थिक सहयोग के लिए सहकारिता विभाग द्वारा केस क्रेडिट सोसाइटी बनाई जाएगी और राज्य शासन उसमें सहयोग करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए आरक्षण में आय सीमा 8 लाख रूपये तक होगी और एमपीपीएससी की भर्ती में आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण की व्यवस्था होगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गौशालाओं को अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा तथा गाय के गोबर व गौमूत्र खरीदने एवं बेचने की पारदर्शी व्यवस्था उपलब्ध की जाएगी। महापुरुषों की मूर्तियाँ स्थापित करने के लिए चर्चा कर कदम उठाए जायेंगे। भोपाल स्थित मनुआभान की टेकरी पर रानी पद्मावती की मूर्ति स्थापित करने के लिए आज ही भूमि-पूजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मंच से ही भूमि-पूजन की घोषणा के बाद कहा कि हम सब यहाँ से मनुआभान की टेकरी पर भूमि-पूजन के लिए प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा घोषणा के साथ ही निवास से रवाना होकर मनुआभान की टेकरी पर रानी पद्मावती की प्रतिमा की स्थापना के लिये भूमि-पूजन किया गया।कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया, उद्योग नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री राज्यवर्धन सिंह दत्तीगांव, भोपाल सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, पूर्व मंत्री श्री रामपाल सिंह, श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुखदेव सिंह गोगामेड़ी तथा बड़ी संख्या में समाज बन्धु उपस्थित थे।

### गोरखपुर और मथुरा के बीच सेमीफाइनल मुकाबला आज

# गोरखपुर ने एलबी शास्त्री दिल्ली को 4 विकेट से हराया



**गाडरवारा(यशभारत)।** स्थानीय रुद्र मैदान पर खेल संरक्षक युवा मंडल एवं लाइंस क्रिकेट क्लब के संयुक्त तत्वाधान में चल रही अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता चैंपियन ट्रॉफी मे गुरुवार को एलबी शास्त्री दिल्ली एवं गोरखपुर के बीच मैच खेला गया, रोमांचकारी मैच में गोरखपुर ने 4 विकेट थे मैच जीत लिया । मैच के शुभारंभ पर नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा, डॉक्टर संगीत जैन, देवदास काबरा, पूर्व क्रिकेटर राजेंद्र सिंह, वैभव कोचर, पार्षद आनंद दुबे, शिल्पी चंदन साहू, गजेंद्र राडवे ,सतीश कौरव, रामेश्वर धानक ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से रूबरू होकर मैच का टॉस करा कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया । पहले बल्लेबाजी करते हुए एलबी शास्त्री दिल्ली ने निर्धारित 20 ओवर में 114 रन बनाए जिसमें वैभव 9 बॉल 5 रन 1 चौका, दीपेश 9बाल 22 रन 1 चौका 3 छक्के, अर्जुन 5 बॉल 1 रन, आर्यन 21 बॉल 32 रन 5 चौके ,अभिनव 4 रन, भावेश 19 बॉल 20 रन 1 छक्का, प्रवीण 8 बॉल 3 रन, शरद 13 बाल 18 रन 4चौके, मोहित ने 7 बॉल में 2 रन बनाए । गोरखपुर से बॉलिंग करते हुए विक्रम 2 ओवर 29 रन, गौरव 3 ओवर 1 मेडन 4 विकेट, विकास 3 ओवर 25 रन 1 विकेट, एमडी स्टार 3.4 ओवर 24 रन 3 विकेट, अमरजीत 4 ओवर 26 रन 2 विकेट, सम्राट ने 1 ओवर में 5 रन दिए । जवाबी पारी खेलते हुए गोरखपुर के बल्लेबाज नेहाल 17 बॉल 7 रन 1 चौका, अभिमन्यु 42 बॉल 36 रन 5 चौके, शिवम 19 बॉल 26 रन 4 चौके, अभिजीत 10 बॉल 6 रन, विकास 5 बॉल 5 रन 1 चौका, आशिक 7 बाल 11 रन 1 छक्का, सम्राट 14 वाल 18 रन 1 चौका 1 छक्का, एमडी स्टार 4 बॉल 3 रन बनाए । दिल्ली से बॉलिंग करते हुए प्रवीण 4 ओवर 22 रन, दीपेश 3.4 ओवर 29 रन 1 विकेट, शरद 3 ओवर 12 रन 1 विकेट, मोहित 4 ओवर 26 रन 2 विकेट ,वैभव 1 ओवर 6 रन, दीवान 4 ओवर 19 रन 2 विकेट लिए। गोरखपुर के बल्लेबाजों ने बेहतर बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट से मैच जीत लिया । इस मैच का मैन ऑफ द मैच गोरखपुर के गौरव को दिया गया जिन्होंने 3 ओवर में 5 रन देकर 4 महत्वपूर्ण सफलताएं हासिल की थी। मैच के समापन के उपरांत मैन ऑफ द मैच पुरस्कार वितरण समारोह में अतिथि के रूप में पिपरिया के वरिष्ठ नेता बलराम वैश्य, पूर्व जनपद अध्यक्ष मुकेश मलैया ने कहा कि दोनों मेहमान टीमों के खिलाड़ियों ने रुद्र मैदान पर अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन किया आयोजन कमेटी की बधाई की पात्र है जिन्होंने खेल प्रतिभाओं के लिए एक अच्छा मंच दिया । इस अवसर पर समाजसेवी भगवान त्रिपाठी ,अशोक सराठे, रविशेखर जायसवाल, संदीप पलोड़, चिंटू लूनावत देवेंद्र पटैल , नवनीत पलोड़, कल्लन जोशी ने भी इस सफल आयोजन की सराहना की। अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय लेते हुए उनका हौसला बढ़ाते हुए मैन ऑफ द मैच पुरस्कार का वितरण किया । इस मैच के एंपायर शैलेंद्र शर्मा, इसाक खान कॉमेंट्री आर्यन शर्मा स्कोरिंग शुभी श्रीवास्तव शिवम विश्वकर्मा चंदू कोरी ने की । आज सुबह 10 बजे से गोरखपुर और मथुरा के बीच सेमीफाइनल मैच खेला जाएगा ।




# बैनर पोस्टर के माध्यम से दी गई सुरक्षा संबंधी जानकारियां

**जबलपुर यश भारत। पश्चिम मध्य रेलवे के सतना रेलवे स्टेशन पर यात्री सुरक्षा सप्ताह के तारतम्य में 7 जनवरी तक विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं।**

इस अवसर पर सतना जीआरपी प्रभारी श्री त्रिपाठी द्वारा स्टेशन पर बैनर व होर्डिंग्स के द्वारा रेल सुविधाओं व सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। इसमें ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को जहर खुरानी के बारे में सतर्क किया गया। रेलवे सुरक्षा सप्ताह के दौरान जीआरपी ने महिलाओं और बच्चों को बताया कि यदि उन्हें कोई समस्या होती है, तो वह टोल फ्री नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा अन्य जानकारियां दी गई। इस दौरान महिलाओं और बच्चों को टोल फ्री नंबर भी वितरित किए गए, जिसपर संपर्क कर वह अपनी समस्या बता सकते हैं। जीआरपी ने प्लेटफॉर्म में यात्री ट्रेनों के आने पर यात्रियों को जहरखुरानी, चैन पुलिंग तथा यात्रा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों को लेकर पंपलेट वितरित किए गए। जीआरपी द्वारा स्टाफ को लेकर एवं चाइल्ड लाइन सतना के राजकुमार एवं महिला कर्मचारी मीना वर्मा को लेकर सुरक्षा सप्ताह के तहत स्टेशन में भ्रमण कर प्रचार प्रसार पर आम यात्रियों को जागरूक के संबंध में एवं जीआरपी ऐप के बारे में बताया गया तथा जीआरपी स्टाफ एवं अशासकीय संगठन चाइल्डलाइन के सहयोग से कार्यालय से प्राप्त पोस्टर महिला सुरक्षा शाखा मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा जनहित में प्रसारित कार्यालय से प्राप्त पोस्टर ट्रेनों में एवं रेलवे स्टेशन के आम जगह पर चस्पा किए गए तथा स्टेशन एवं मुसाफिर खाने में छोटे छोटे नन्हे बच्चों को टॉफी वितरण की गई/

## ग्राम पंचायत बैरागी में उपचुनाव संपन्न



**कुंडम, यशभारत।** निर्वाचन आयोग एवं कुंडम तहसीलदार प्रदीप कौरव ने ग्राम पंचायत बैरागी में उपचुनाव कराया वार्ड क्रमांक 4 पाठ क्रमांक 10 में हुए उपचुनाव तहसीलदार प्रदीप कौरव उप चुनाव को शांतिपूर्वक कराया इसमें डीएसपी अपूर्वा किलेदार जबलपुर से पहुंची उपनिरीक्षक रूप सिंह कुंडम थाना एसआई वीरेंद्र सिंह प्रिंस पटेल सहित कुंडम पुलिस बल निर्वाचन आयोग के पीठासीन अधिकारी आनंद तिवारी के सानिध्य में चुनाव कराने का काम संपन्न हुआ।

## पेंशनर समाज ने 75 वर्ष पूर्ण कर चुके साथियों का अभिनंदन किया



**पनागर, यशभारत।** क्षेत्रीय पेंशनर संघ समिति पनागर के तत्वाधान में आज 75 वर्ष पूर्ण कर चुके सम्मानीय सदस्यों के सम्मान समारोह एवं नूतन वर्ष मिलन कार्यक्रम स्थानीय मंगल भवन में मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक नरेंद्र त्रिपाठी,अध्यक्षता प्रदीप पटेल अध्यक्ष नगर पालिका पनागर, विशिष्ट अतिथि विमल जैन अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, श्रीमती रजनी यादव पूर्व जनपद अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ठाकुर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष पदम मोदी अध्यक्ष आदर्श व्यापारी संघ,प्रमोद पटेल पार्षद,आनंद जैन मिंचू विधायक प्रतिनिधि शैलेंद्र साहू डॉ सुरेश कुमार मिश्रा अध्यक्ष ब्राह्मण समाज पेंशनर समाज के संरक्षक निधि तिवारी,विनोद राठौर के सानिध्य में मनाया गया। संघ समिति के 75 वर्ष पूर्ण कर चुके अंबिका प्रसाद भूमिया पिपरिया,जागेश्वर प्रसाद विश्वकर्मा,दशरथ प्रसाद बर्मन, ओंकार प्रसाद लोधी,श्रीमती सरोज बाई शर्मा,दुलीचंद सेन पड़रिया के साथ नगर पालिका की सफाई कर्मचारी श्रीमती रानी बाई बाल्मिक को को भी स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र के साथ सम्मान किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की स्वच्छता कामना की गई उपस्थित अतिथियों ने पेंशनर समाज द्वारा इस उम्र में भी किए जा रहे जनहित के कार्यों को लेकर उनकी सराहना की इस अवसर पर जितेंद्र सिंह ठाकुर 21000 की राशि नितेश यादव श्रीमती रजनी यादव ने 5100 की राशि डॉ सुरेश मिश्रा ने 5100 की राशि का पेंशनर समाज को सहयोग करने की घोषणा की कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष केके गौतम ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने में एस के शर्मा शंकर लाल सेन श्रीनिधि उपाध्याय उमा शंकर पांडे गैंदलाल चौरसिया सहित अनेक वरिष्ठ जन सक्रिय थे अंत में आभार किशन सोनी ने किया।

## जैव विविधता पंजी का विमोचन

**सिहोरा, यशभारत।** नगर पालिका सिहोरा की जैव विविधता पंजी का विमोचन भोपाल मे सहायक सदस्य सचिव डॉ. बकुल लाड द्वारा किया गया कार्यक्रम मे तकनीकी विशेषज्ञ डॉ. गौरव सिंह,विजेश हरियाले,सुश्री शिवानी शर्मा,शुभम सिंह,पंकज एवं पंजी निर्माण कार्य शासकीय महाविद्यालय मझौली के पीआई. डॉ.राजभान साहू तथा कोपीआई डॉ.भवानी सिंह द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण किया गया इस पंजी मे नगर पालिका सिहोरा मे पाई जाने वाली संपूर्ण जैव विविधता को सम्लित किया गया है इसके अतिरिक्त विलुप्त हो रही एंव संकट ग्रस्त प्रजातियों को भी शामिल किया गया है। बढ़ती हुई आबादी के साथ जैव संसाधनों का संरक्षण तथा संवर्धन अत्यंत आवश्यक है।

## अब देश के किसी भी कोने में पार्सल भेजना होगा आसान

**जबलपुर यशभारत।** जबलपुर से देश के किसी भी कोने में पार्सल भेजना अब बहुत आसान हो गया है अब प्रेषक के घर या दुकान से प्रेषित की जाने वाली सामग्री डाक विभाग द्वारा एकत्रित करके उसे गंतव्य पते तक पहुचाने के लिए पोस्ट आफिस को सूचित करने पर यह सुविधा सुलभ हो जाएगी. इस सम्बन्ध में जबलपुर रेल मंडल के साथ डाक विभाग ने नए वर्ष 2023 की शुरुआत में जे. पी.पी. योजना को शुरू किया है इस योजना के तहत जबलपुर से भोपाल एवं नागपुर के लिए डोर टू डोर सेवा के प्रथम चरण में पार्सलो का लदान यात्री गाडियों में करके इस योजना को रेलवे एवं डाक विभाग के अधिकारियो ने शुरू किया है. योजना के पहले दिन जबलपुर से भोपाल एवं नागपुर के लिए डाक विभाग द्वारा एकत्रित सामग्री को ओवर नाईट एवं अमरावती ट्रेन में लदान करके इसे गंतव्य की ओर भेजा गया. उल्लेखनीय है कि इस योजना को लेकर गत दिवस ही डी.आर.एम. विवेक शील एवं पोस्ट मास्टर जनरल ब्रजेश कुमार की उपस्थिति में दोनों विभागों के शीर्ष अधिकारियो की बैठक में इस डोर टू डोर सुविधा की ज्वांईट पार्सल प्रोडक्ट योजना (जे. पी.पी.) पर गंभीर मंत्रणा की गयी थी. प्रधान मंत्री की गति शक्ति योजना के तहत इस सुविधा को अमली जामा पहनाने के लिए दोनों विभागों ने त्वरित कार्यवाही करते हुए इसे एक माह के अन्दर जबलपुर में लागु कर दिया है. इस सम्बन्ध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन ने बताया कि योजना के तहत कोई भी व्यक्ति अपनी घरेलु या व्यापारिक सामग्री जो कि न्यूनतम 30 किलो ग्राम की हो उसे डाक विभाग में बुक कर सकता है. बुक किये जाने वाली सामग्री को डाक विभाग के प्रतिनिधियों द्वारा एकत्रित करके रेलवे के सुपुर्द किया जायेगा रेलवे द्वारा इसे तुरंत ट्रेन से वांछित स्टेशन पर प्रेषित किया जायेगा. वहां पहुचते ही डाक विभाग द्वारा सामग्री को दिए गए पते पर पहुचाया जायेगा. दोनों विभागों की इस संयुक्त योजन के प्रथम चरण में रेलवे के मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुनील श्रीवास्तव, देवेश सोनी, पंकज दुबे, अखिलेश नायक तथा डाक विभाग के वरिष्ठ डाक अधीक्षक आर.पी.एस. चौहान, अधीक्षक रेल डाक सेवा विपिन खरे सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे. जबलपुर से भोपाल एवं नागपुर के लिए शुरू हुई इस योजना के जल्द ही अन्य शहरो के लिए बुकिंग प्राप्त होते ही इसे विस्तृत किया जायेगा. जिससे कि लोगो को घर बैठे ही इस सुविधा का लाभ मिल सकेगा,।




**रेलवे एवं डाक विभाग ने मिलकर शुरू की डोर टू डोर पार्सल सेवा**

## सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ,12 टीम ले रही भाग



**जबलपुर यश भारत।** जिले में चल रहे सांसद खेल महोत्सव के तारतम्य में क्रिकेट खिलाड़ियों में काफी उत्साह दिख रहा है इसी तारतम्य में मुरई ग्राम के प्रांगण में सांसद खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ उक्त महोत्सव का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य सत्येंद्र सिंह सत्तू मालगुजार मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह जिला कोषाध्यक्ष जसपाल सिंह राजपूत बृजेश सिंह राजपूत वीरेंद्र सिंह विनोद राजपूत विवेक गर्ग अजय पाल राजपूत शिव पटेल मोटू यादव एवं अन्य युवाओं की उपस्थिति में किया गया 4 दिन चलने वाले सांसद खेल महोत्सव 14 ओवर का होगा जिसमें ग्रामीण एवं जिले की कई टीमें भाग ले रही हैं विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार एवं नगद राशि भी दी जाएगी इस चल रहे सांसद खेल महोत्सव में सुबह से ही खेल प्रांगण में काफी भीड़ हो रही है आसपास के ग्रामीण इसका लुफ्त उठाने के लिए आयोजन स्थल पर पहुंच रहे हैं।

## प्रयागराज के लिए चलेंगी दो स्पेशल रेलगाड़ियाँ

**एक तरफा स्पेशल ट्रेनें इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना होकर गुजरेगी**



**जबलपुर यशभारत।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने के उद्देश्य से लोकमान्य तिलक टर्मिनस-प्रयागराज जंक्शन और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-प्रयागराज जंक्शन के मध्य एक तरफा (सिंगल ट्रिप) स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। ये दोनों स्पेशल ट्रेनें पमरे के के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशन पर हाल्ट लेकर गंतव्य को जाएगी। गा?ी संख्या 01465 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-प्रयागराज जंक्शन एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन दिनाँक 06.01.2023 को लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से 13¬15 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन इटारसी 00¬40 बजे, जबलपुर 04¬15 बजे, कटनी 05¬30 बजे, सतना 07¬00 बजे और 11¬00 बजे प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पहुँचेगी।गा?ी के हाल्ट-* रास्ते में यह गा?ी कल्याण, इगतपुरी, मनमा?, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों पर रुकेगी।इसी प्रकार गा?ी संख्या 01463 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-प्रयागराज जंक्शन सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन दिनाँक 07.01.2023 को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्टेशन से 00¬20 बजे प्रस्थान कर, इटारसी 13¬15 बजे, जबलपुर 16¬20 बजे, पहुँचकर, कटनी 17¬55 बजे, सतना 19¬25 बजे और 23.30 बजे प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पहुँचेगी।गाड़ी के हाल्ट- रास्ते में यह गाड़ी कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड़, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों पर रुकेगी। कोच कंपोजीशन- इन दोनों रेलगाड़ियों में 18 सामान्य श्रेणी, 01 एसएलआरडी सहित 19 कोच रहेंगे।

## सिहोरा जिला की मांग को मिला अधिवक्ता संघ का साथ



**सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन**

सिहोरा, यशभारत। सिहोरा जिला की मांग को लेकर रोज हो रहे ज्ञापन के क्रम में गुरुवार को दर्जन भर लोगों द्वारा सिहोरा एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में लक्ष्य जिला सिहोराआंदोलन समिति के साथ अधिवक्ता संघ सिहोरा भी शामिल हुआ।समिति ने फिर दोहराया कि सिहोरा जिला सिहोरा का हक है और सरकार को अविलंब सिहोरा को जिला बनाना चाहिए। विदित हो कि जिला बनाने की मांग को लेकर विगत 1 जनवरी से प्रत्येक दिवस मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जा रहा है इसी क्रम में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।इस दौरान समिति के अनिल जैन,सुशील जैन,कृष्ण कुमार कुररिया और अधिवक्ता संघ से एडवोकेट संजय सेंगर,उत्तम सोनी,राजकिशोर तिवारी,एस के सेन,अजय किशोर तिवारी सहित मुकेश पटेल,करीम खान मौजूद रहे।

## गरीबरथ में लगेगा थर्ड एसी का अतिरिक्त कोच

**जबलपुर यशभारत।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की अधिक से अधिक प्रतीक्षा सूची अतिरिक्त यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से रेलगाड़ियों में अतिरिक्त कोच की सुविधा प्रदान करने का प्रयास किया जाता है। इसी कड़ी में जबलपुर-सीएसएमटी गरीबरथ ट्रेन में वातानुकुलित तृतीय श्रेणी का एक अतिरिक्त कोच शनिवार को लगाया जा रहा है। गरीबरथ में अतिरिक्त कोच लगने से पमरे के जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी एवं हरदा स्टेशन के यात्रियों को भी लाभ मिलेगा। पमरे मुख्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि गाड़ी संख्या 12187 जबलपुर से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस गरीबरथ ट्रेन में शनिवार दिनांक 07.01.2023 को एक वातानुकुलित तृतीय श्रेणी का कोच लगाया जा रहा है। इससे मुम्बई की तरफ जाने वाले रेलयात्रियों को वातानुकुलित तृतीय श्रेणी की अतिरिक्त 78 बर्थ की सुविधा मिलेगी। रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध किया है कि यात्रा के दौरान कोविड-19 से सम्बंधित सभी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

## एम एस क्लब ,महावीर क्लब,ब्लैक बजरंगी विजेता

**सांसद खेल महोत्सव क्रिकेट प्रतियोगिता**



**सिहोरा, यशभारत।** नगर के अरुणाभ घोस स्टेडियम में भाजपा नगर मंडल स्तरीय तथा सांसद राकेश सिंह के संयोजन में सांसद खेल महोत्सव क्रीडा प्रतियोगिता के दूसरे दिन पहला मैच एम एस क्लब तथा मृगनयनी के बीच खेला गया जिसमें एम एस क्लब की टीम विजयी हुई इसमें गोलू श्रीपाल को मैन आफ दा मैच का खिताब दिया गया।दुसरा मैच महावीर क्लब और मिनी क्लब के बीच खेला गया जिसमें महावीर क्लब विजेता रहा इसके खिलाड़ी आकाश चक्रवर्ती को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन आफ दा मैच का खिताब प्रदान किया गया। प्रतियोगिता का तीसरा मैच ब्लैक बजरंगी एंव अमन क्लब के बीच खेला गया जिसमें ब्लैक बजरंगी की टीम ने विजय श्री हांसिल की इसके खिलाड़ी लोकेश को मैन आफ दा मैच प्रदान किय गया। इस अवसर पर खिलाडियों का उत्साह वर्धन करने के लिए वरिष्ठ खिलाड़ी सुनील दुबे,सुनील पटेल, शैलेन्द्र दुबे,पी वी संजय,मनीष दुबे, प्रवीण पटेल,विकाश दुआ,विनोद पटेल,राकेश दाहिया, राजा मोर,विनय असाटी,शिशिर पांडे,प्रशांत परौहा,अभिषेक परौहा,विनय जैन,वीरेंद्र पटेल, विशेष सिंह,राजपूत,संदेश विश्वकर्मा,बालमुकुंद चौबे,अभिषेक तिवारी,शुभम् तिवारी,वीरेंद्र तिवारी, आलोक शुक्ला,बृजेश ठाकुर, भास्कर पटेल,दीपक यादव,दानिश अंसारी उपस्थित थे।



## झांसी की आसान जीत नागौद क्रिकेट टीम को 5 विकेट से हराया कुलदीप की फिरकी में उलझी नागौद की टीम

**कुंडम, यशभारत।** सनी स्पोटिंग क्रिकेट क्लब बाघराजी द्वारा आयोजित 32 वी लेदर बॉल अखिल भारतीय क्रिकेट प्रतियोगिता का 9 वा लीग मैच झांसी क्रिकेट टीम एवं नागौद टीम के बीच खेला गया नागौद नेता जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बल्लेबाज दिलावर 27 रन हरजोत सिंह 22 मुकेश 10 प्रियांशु कोल्हम 7 रन सनोज 9 रन दीपक 6 रन उमेश 5 रन अविनाश ने 6 रन बनाए 19वें ओवर में 108 रन बनाकर नागौद की पूरी टीम ऑल आउट हो गई कोई भी बल्लेबाज जमकर बल्लेबाजी नहीं कर सका जिसकी वजह झांसी टीम के गेंदबाज कुलदीप यादव की फिरकी गेंदबाजी रही है कुलदीप ने 4 ओवर गेंदबाजी कर 22 रन देकर 5 विकेट लिए के के 2 विकेट अभिषेक भानु राहुल ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया 109 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी झांसी की टीम की शुरुआत काफी आक्रामक रही सुनील ने 38 रन दीपांशु 28 रन भानु 23 रन यीशु 14 रन कुलदीपक एक अनेक 1 रन बनाया इस तरह है 14 ओवर में झांसी में 5 विकेट खोकर 109 रन बनाकर मैच जीत लिया नागौद के गेंदबाज उमेश ने 3 विकेट सनोज और सक्षम ने एक-एक विकेट लिया हुकुम इस मैच के अंपायर गोविंद चौधरी प्रशांत रजक थे स्कोरर सुधीर चौधरी थे कल जेपी बॉयज जबलपुर एवं झांसी के बीच क्वार्टर फाइनल मैच खेला जाएगा इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच फाइनल मुकाबला 12 जनवरी को खेला जाए।

# श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी20 में अर्शदीप ने पांच नो बॉल फेंकी

## बना दिया यह शर्मनाक रिकॉर्ड



पुणे ईएमएस। श्रीलंका ने दूसरे टी20 में भारत को 16 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में वापसी की है। अब तीन मैचों की टी20 सीरीज 1-1 की बराबरी पर है। तीसरा और निर्णायक मुकाबला शनिवार को राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। दूसरे टी20 में श्रीलंका ने भारत के सामने 207 रन का पहाड़नुमा लक्ष्य रखा था। श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने भारतीय तेज गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। पिछले मैच में नहीं खेलने वाले अर्शदीप सिंह को इस मैच में मौका दिया गया। हालांकि, उन्होंने दो ओवर में 18.50 की इकोनॉमी से 37 रन लुटा दिए। इसके बाद कप्तान हार्दिक पांड्या ने उन्हें गेंदबाजी ही नहीं दी। दो ओवर में अर्शदीप ने पांच नो बॉल फेंकी।

### बनाया यह अनचाहा रिकॉर्ड

इसी के साथ उन्होंने एक शर्मनाक रिकॉर्ड भी बना दिया। अर्शदीप टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा नो बॉल फेंकने वाले गेंदबाज बन गए हैं। अर्शदीप को अभी डेब्यू किए एक साल भी नहीं हुआ है और उन्होंने यह शर्मनाक रिकॉर्ड अपने नाम किया। अर्शदीप ने अब तक 22 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और इनमें 14 नो बॉल फेंकी है। इससे पहले यह रिकॉर्ड संयुक्त रूप से तीन गेंदबाजों के नाम था। इनमें पाकिस्तान के हसन अली, वेस्टइंडीज के कीमो पॉल और ओशेन थॉमस शामिल हैं। इन तीनों ने 11-11 नो बॉल फेंकी हैं।

### दो ओवरों में अर्शदीप ने 37 रन लुटाए

अर्शदीप श्रीलंकाई पारी का दूसरा ओवर डालने आए और इस ओवर में तीन नो बॉल फेंके। इस ओवर से 19 रन आए और श्रीलंका को मोमेंटम मिल गया। इसके बाद अर्शदीप 19वें ओवर में गेंदबाजी करने आए और इस ओवर में दो नो बॉल फेंक दिए। 19वें ओवर में 18 रन बने। ऐसे में श्रीलंकाई टीम बड़ा स्कोर हासिल करने में कामयाब रही।

### गावस्कर और हार्दिक ने की आलोचना

मैच के दौरान कमेंट्री कर रहे भारत के पूर्व महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भी अर्शदीप की आलोचना की थी। उन्होंने कहा- एक प्रोफेशनल प्लेयर के तौर पर आप ऐसा नहीं कर सकते। हम अक्सर सुनते हैं कि आज के खिलाड़ी कहते हैं कि चीजें हमारे नियंत्रण में नहीं हैं। नो बॉल नहीं फेंकना आपके नियंत्रण में है। आपके गेंद डालने के बाद क्या होता है, बल्लेबाज क्या करता है, यह दूसरी बात है। नो बॉल नहीं फेंकना निश्चित रूप से आपके नियंत्रण में है।वहीं, मैच के बाद कप्तान हार्दिक पांड्या ने भी अर्शदीप को लेकर बड़ी बात कही। पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में हार्दिक ने कहा- हार की वजह गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों रही। पावरप्ले ने हमें चोट पहुंचाई। हमने बुनियादी गलतियां कीं जो हमें इस स्तर पर नहीं करनी चाहिए। सीखना मूल बातें होनी चाहिए, जिन्हें हम नियंत्रित कर सकते हैं। आपका दिन खराब हो सकता है, लेकिन बेसिक्स से दूर नहीं जाना चाहिए। इस स्थिति में यह बहुत कठिन होता है। अतीत में भी अर्शदीप ने नो-बॉल फेंकी थी। यह दोष देने के बारे में नहीं है, लेकिन नो बॉल अपराध है।

# क्रिकेट छोड़ दूल्हा बनने की तैयारी में केएल राहुल, आथिया शेट्टी ने तो खाना तक छोड़ दिया



नई दिल्ली,ईएमएस। भारतीय क्रिकेट टीम के उपकप्तान केएल राहुल मैदान से दूर अपनी शादी की तैयारियों में व्यस्त हैं। उनकी होने वाली एक्ट्रेस वाइफ आशिया शेट्टी तो सख्त डाइट फॉलो भी करने लगी हैं। अथिया ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दो स्टोरीज शेयर कीं, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही हैं। 30 साल की आशिया खुद को परफेक्ट दिखाने के लिए स्पेशल डाइट ले रहीं हैं। याद हो कि इस क्यूट कपल की शादी सुनील शेट्टी के खंडाला वाली हवेली में 21 से 23 जनवरी के बीच होगी।

### लिक्विड डाइट पर आशिया

अथिया वैसे तो रोजाना जिम जाती हैं, लेकिन खुद को परफेक्ट शेप में रखने के लिए अब सख्त डाइट लेने लगी हैं। अथिया ने अपने स्पेशल-डे पर परफेक्ट दिखने के लिए अनुष्का शर्मा, दीपिका पादुकोण और कैटरीना कैफ से प्रेरणा ली है। बॉलीवुड की ये सभी अभिनेत्रियां भी सख्त फूड डाइट पर थीं और जंक फूड खाने से बचती थीं। अथिया अपनी डाइट में ज्यादा से ज्यादा तरल पदार्थ और सब्जियां शामिल करना शुरू कर चुकी हैं।

### हवेली में होगी शादी

बॉलीवुड एक्ट्रेस आशिया शादी के दिन लहंगा पहनेंगी। ऐसा समझा जा रहा है कि राहुल लहंगे के रंग से ही मिलता-जुलता ड्रेस पहनेंगे। इस पावर कपल ने पहले ही अपने दोस्तों को 21-23 जनवरी के बीच फ्री रहने और शादी में शरीक होने का आमंत्रण दे दिया है। रिपोर्ट्स की माने तो आशिया का लहंगा मशहूर डिजाइनर मनीष मल्होत्रा बना रहे हैं। मनीष इससे पहले रियाद के प्रिंस समेत बॉलीवुड की कई मशहूर हस्तियों को शादी के लिए तैयार कर चुके हैं। राहुल भी मनीष से ही कपड़े डिजाइन करवाएंगे, इस बात का पता फिलहाल नहीं लग पाया है।

# 63 साल की में उम्र में नीना गुप्ता हिम्मत जुटाकर किया ऐसा काम, सोशल मीडिया पर हो रही वाहवाही



**मुंबई, ईएमएस।** नीना गुप्ता एक ऐसी एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने इस बात की कभी परवाह नहीं की कि लोग क्या कहेंगे, जमाना क्या कहेगा। उन्होंने हमेशा वही किया, जो दिल ने कहा। शायद यही वजह रही कि वह दुनिया और जमाने के लाख ताने सुनकर भी खुद को संभाले रहा। सिंगल मदर नीना गुप्ता ने न सिर्फ बेटी मसाबा को अच्छी तरबीयत देकर काबिल बनाया, बल्कि फिल्म इंडस्ट्री में भी अपने दम पर एक अलग मुकाम बनाया। पर्सनल लाइफ से लेकर प्रोफेशनल तक, नीना गुप्ता की जिंदगी किसी इंस्पिरेशन से कम नहीं है। वह हमेशा ही खुद को पुश करती रहती हैं और अकसर ही ऐसी चीजें लोगों के साथ शेयर करती रहती हैं, जो मोटिवेट करती हैं। नीना गुप्ता का लेटेस्ट वीडियो भी कुछ ऐसा ही है। 63 साल की उम्र में नीना गुप्ता ने ऐसा काम किया है, जिसके लिए उन्हें काफी हिम्मत जुटानी पड़ी और लोग उनकी तारीफ कर रहे हैं।

# टैलेंट कैसे बर्बाद करते हैं कोई इनसे सीखे, बदकिस्मती का दूसरा नाम बन चुके हैं संजू सैमसन

**नई दिल्ली,ईएमएस।** हिंदी का एक शब्द है दुर्भाग्यशाली। उर्दू में इसे बदकिस्मत और इंग्लिश में अनलकी कहते हैं। अलग-अलग भाषाओं में और अलग-अलग शब्द मिल जाएंगे, लेकिन क्रिकेट के मैदान पर इसके लिए एक ही नाम है संजू सैमसन। संजू दुनिया के सबसे बदकिस्मत क्रिकेटर हैं। अच्छा खेलने के बावजूद कभी उन्हें इंडियन स्क्वॉड में जगह नहीं मिलती। स्क्वॉड में जगह मिलती है तो प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिलती और जब प्लेइंग इलेवन में जगह मिलती है तो ये मैच में अच्छा नहीं करते। फिर इंजर्ड होकर पूरी सीरीज से ही बाहर हो जाते हैं। अपना



टाइम आएगा तो हर क्रिकेटर कहता है, लेकिन टाइम आने पर डिलिवर न करने वाला संजू सैमसन कहलाता है। बदकिस्मती का ये ताजा मामला मुंबई मे हुआ। श्रीलंकाई टीम इंडिया आई हुई है। पहले टी-20 में संजू जब खेलने आए, तब उनके सामने कई ओवर्स थे। टीम में जगह पक्की करने के लिए इससे अच्छा मौका नहीं था। कोई भी जिम्मेदार क्रिकेटर इस मौके को दोनों हाथों से भुनाता, लेकिन संजू तो संजू हैं। सिर्फ 6 गेंद खेलकर चलते बने। आउट तो ऐसे हुए जैसे जबरदस्ती बैटिंग के लिए भेजा गया हो। जबरदस्त फील्डर होने के बावजूद कैच टपकाते रहे बाद में बॉल पकड़ने के चक्कर में ऐसे गिरे कि सीरीज से ही बाहर हो गए। अक्सर क्रिकेट फैंस को शिकायत होती है कि संजू सैमसन के साथ अन्याय होता है। उन्हें मौके नहीं मिलते। केरल से होने के चलते पक्षपात किया जाता है। इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि संजू टैलेंट की खान है। शानदार ऐथलीट हैं। अच्छी विकेटकीपिंग करते हैं। जब शॉट्स लगाते हैं तो पूरी दुनिया में उनसे क्लीन हिटर कोई नहीं लगता। मगर ये सारे शॉट्स तभी लगते हैं, जब वो टीम से बाहर होते हैं। इंडियन टीम में कितना कॉम्पिटिशन है ये सब जानते हैं। एक-एक पोजिशन के 3-3 दावेदार हैं। विकेटकीपिंग में हालत तो और भी खराब है। ऋषभ पंत, ईशान किशन जैसे तगड़े दावेदार हैं। ऐसे में संजू सैमसन को ब्लू जर्सी पहननी है तो 100 नहीं 200 परसेंट देना होगा। ये उन्हीं को तय करना होगा कि वो बॉटल बॉय बनना चाहते हैं या अपने टैलेंट के साथ न्याय करना।

# कुछ कुछ होता है की छोटी अंजलि ने बताया मंगेतर को दिखाएंगी कौन सी पहली बॉलीवुड फिल्म



**मुंबई, ईएमएस।** शाहरुख खान की फिल्म कुछ कुछ होता है में उनकी बेटी अंजलि का रोल निभा चुकीं सना सईद ने नए साल पर अपनी सगाई की खुशखबरी फैन्स से शेयर की है। सना ने अपने बॉयफ्रेंड Csaba Wagner से लॉस एंजिलिस में सगाई की है। BT से एक्सक्लूसिव बातचीत में सना ने बताया कि उन्हें उम्मीद थी कि जल्द उनका एंगेजमेंट होगा, लेकिन कब ये नहीं पता था। इसलिए ये सब काफी सरप्राइजिंग था।

### सना ने बताया- कब और कहां करनी है शादी

सना ने बताया कि 28 दिसम्बर को उन्हें डेट करते हुए एक साल पूरा हो गया था और इसलिए इसी दिन उन्होंने सगाई कर ली। वही तस्वीर उन्होंने 31 दिसम्बर को यह रील सोशल मीडिया पर फैन्स से शेयर किया। साबा वॉनर से शादी के सवाल पर सना ने कहा कि वह फैमिली के बीच इस सेलिब्रेशन को चाहती हैं और उनके बेस्ट फ्रेंड्स सबके वीज़ा का काम भी देख रहे हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें ये भी तय करना है कि लॉस एंजिलिस में उन्हें कहां शादी करनी है और इन तैयारियों पर काम चल रहा है।

### कहा- मेरी फैमिली मेरे लिए सबसे जरूरी

सना ने बताया कि वे इस साल के अंत तक शादी के बारे में सोच रहे हैं। सना ने कहा, मेरी फैमिली मेरे लिए सबसे जरूरी है और उनके बिना मैं शादी नहीं करने वाली। हमने तय किया है कि हम अपने लिए बफर टाइम लेकर चलें क्योंकि ऐसा लग रहा है कि मेरी मां, बहन और जीजा इन सबके वीज़ा में इस साल के अंत तक का समय लग जाएगा।

### पिछले कुछ साल से लॉस एंजिलिस में ही रह रही हैं

सना पिछले कुछ साल से लॉस एंजिलिस में ही रह रही हैं। वह वहां एक्टिंग और फिल्ममेकिंग की पढ़ाई के लिए पहुंची थीं। वहीं उनकी मुलाकात Csaba से हुई जो साउंड डिजाइनर हैं और एक कंपनी के डायरेक्टर भी हैं। मुलाकात हुई और फिर उनकी डेटिंग शुरू हो गया। सना ने कहा- वह फिल्मों, गेम्स और कमर्शियल्स के लिए साउंड डिजाइन करते हैं। यह दो क्रिएटिव लोगों के मिलने जैसा है।

### सना जल्द ही इंडिया लौटेंगी

सना ने कहा, हमारे बीच काफी चीजें क़ॉमन हैं। फिल्मों को लेकर प्यार और सिनेमा को लेकर गहराई दोनों में है। हम एक-दूसरे से डेटिंग ऐप पर मिले।ज्ज उन्होंने बताया कि इसके लिए उनके एक फ्रेंड ने उन्हें पुश किया। सना ने बताया कि हंगरी के रहने वाले साबा को अमेरिकन सिटिजनशिप है और वह लॉस एंजिलिस में पिछले 11 साल से रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनकी फैमिली भी एक-दूसरे से मिल चुकी है। सना ने कहा- मैं उनकी फैमिली से ज्यादा बात नहीं कर पाती क्योंकि वे हंगेरियन भाषा में बात करते हैं, इसलिए वे उनसे अधिकतर साइन लैंग्वेज में बात करती हैं। उन्होंने ये भी कहा कि हंगरी यूक्रेन के बॉर्डर पर है और ऐसे में वहां इस समय जाया भी नहीं जा सकता। सना ने कहा कि उम्मीद है कि हम जल्द ही इंडिया लौटेंगे, उनकी फैमिली उनसे मिलने के लिए एक्साइटेड हैं।

### पहली फिल्म कुछ कुछ होता है ही होगी

साबा को इंडियन फिल्मों के बारे में कोई जानकारी नहीं और सना चाहती हैं कि इसकी शुरुआत वह अपनी फिल्म कुछ कुछ होता है से करूं और उन्हें सबसे पहले यही फिल्म दिखाऊं। इस फिल्म में शाहरुख खान उनके पिता की भूमिका में हैं। लीड रोल में काजोल और रानी मुखर्जी थीं। सना ने कहा- साबा के लिए 3 घंटे की फिल्म एक नई बात है। उन्होंने कहा कि जो पहली फिल्म वो देखेंगे वो कुछ कुछ होता है ही होगी।

# एक्सीडेंट में कुचला पैर, मां भी हुई अपंग... अब किकबॉक्सिंग चैंपियन बनी डिंकल गोरखा

**वडोदरा,एजेंसी।** किकबॉक्सिंग छोड़ दो यह आपके पैर को हमेशा के लिए खराब कर सकता है... वडोदरा शहर की किकबॉक्सर बिटिया डिंकल गोरखा जब बस एक्सीडेंट में घायल हुई तो हर किसी ने उन्हें यही सलाह दी। सलाह सही भी थी। किक बॉक्सिंग में पैर का अहम रोल होता है और वह बुरी तरह घायल हो गई थीं। लेकिन यह 17 वर्षीय लड़की एक पैर खराब होने के बावजूद हार नहीं मानी और वडोदरा में गुजरात किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप जीतकर अपने आलोचकों को चुप करा दिया। गोरखा ने प्रेसिडेंट्स कप में लाइट-कॉन्टैक्ट किकबॉक्सिंग के फाइनल में अपने प्रतिद्वंद्वी को आसानी से हरा दिया। किकबॉक्सिंग की विभिन्न वर्गों में 100 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस बारे में वह कहती हैं- यह मेरे लिए एक महत्वपूर्ण क्षण



है। जब मैं पांच साल पहले किकबॉक्सिंग में आई थी तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं स्टेट चैंपियनशिप जीतूंगी। इसने मेरे आत्मविश्वास के लिए चमत्कार किया है। डिंकल को प्यार से डिंकू बॉक्सर भी कहा जाता है। वह कहती हैं- चोटिल होने के बाद कई लोगों ने मुझे किकबॉक्सिंग न करने की सलाह दी थी। मैं थोड़ा निराश थी, लेकिन मैंने अपने सारे संदेह दूर कर दिए और चार महीने पहले स्टेट चैंपियनशिप की तैयारी शुरू कर दी। एक बार जब मैं अखाड़े में प्रवेश करती हूं, तो मेरा ध्यान केवल प्रतिद्वंद्वी पर हमला करने और गेम जीतने पर होता है। 2009 में जब गोरखा अपनी मां शोभा के साथ बस में सफर कर रही थीं, तब उनका पैर जख्मी हो गया था। उनके बाएं पैर के टखने के ऊपर का हिस्सा कुचल गया था। मां के के दोनों पैर काटने पड़े और अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए शराब का अवैध व्यावार तक करने को मजबूर होना पड़ा, लेकिन उन्होंने कुछ ही समय में अपनी मां को इस धंधे से बाहर निकलने के लिए मना लिया। मुश्किल वक्त में बक्शी एजुकेशन ट्रस्ट ने गोरखा और उनकी बहन की किकबॉक्सिंग कोचिंग फीस के साथ तीन साल के शिक्षा खर्च को भी वहन किया। ट्रस्ट ने शोभा को फूड स्टॉल भी दान किया। इस बारे में वह कहती हैं- मेरा ध्यान अब राष्ट्रीय स्तर पर खेलने और फिर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की तैयारी पर है। गोरखा के कोच, सिद्धार्थ भालेगरे ने कहा- वह शानदार है। वह कड़ी मेहनत करती है। यह सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त प्रयास करती है कि वह अपने विरोधियों से बेहतर प्रदर्शन करे। गोरखा का भविष्य उज्ज्वल है।

# फिर बढ़ने लगी जान्हवी- शिखर की नजदीकियां? पपाराजी को देख शरमा गईं एक्ट्रेस



**मुंबई, एजेंसी।** एक्ट्रेस जान्हवी कपूर इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी चर्चा में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार एक बार फिर एक्ट्रेस और उनके एक्स बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के बीच नजदीकियां बढ़ने लगी हैं। इतना ही नहीं उनके मालदीव वेकेशन की तस्वीरें इस बात की गवाही देती हैं कि जान्हवी अपनी लव- लाइफ में कितनी खुश हैं। कुछ दिनों पहले ही मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की सगाई में जान्हवी और शिखर ट्विनिंग करते नजर आए थे। अब एक बार फिर इस लव बर्ड्स को एक साथ पपाराजी ने अपने कैमरे में स्पॉट किया है। दरअसल, जान्हवी और शिखर एक ही गाड़ी में पार्टी में जाते नजर आए हैं। इनका यह नया वीडियो सोशल मीडिया पर बार- बार देखा जा रहा है। वीडियो में एक तरफ जहां इनकी हंसी नहीं रुक रही, वहीं दूसरी तरफ पपाराजी को देख एक्ट्रेस ने अपना चेहरा छिपाने की नाकाम कोशिश भी की है। जान्हवी कपूर का यह वायरल वीडियो रिया कपूर की बर्थडे पार्टी का है। जान्हवी और शिखर एक साथ रिया को जन्मदिन की बधाई देने पहुंचे। वीडियो में एक्ट्रेस काफी कैजूअल लुक में नजर आईं। जान्हवी ने अपनी बहन खुशी कपूर के साथ ट्विनिंग करते हुए सफेद रंग का स्वेटशर्ट पहना था वहीं, शिखर ब्लू कलर की टी- शर्ट में नजर आए। बिना मेकअप भी जान्हवी के चेहरे का ग्लो देख फैंस काफी खुश नजर आए।

### फैंस की चिंता

जान्हवी के इस वीडियो पर फैंस का ध्यान उनकी खूबसूरती से ज्यादा सुरक्षा पर गया। ऋषभ पंत के एक्सीडेंट के बाद सोशल मीडिया यूजर्स काफी सतर्क हो गए हैं। एक यूजर ने कॉमेंट में लिखा, इतनी बड़ी गाड़ी में एक सीट बेल्ट नहीं है? वहीं दूसरे ने लिखा, आप पढ़े- लिखे होकर लोगों को यह संदेश दे रहे हैं? सीट बेल्ट कहां है?



# सांसद खेल महोत्सव में स्वामी विवेकानन्द मंडल अन्तर्गत कबड्डी प्रतियोगिता का शानदार आयोजन

**जबलपुर यशभारत।** सांसद खेल महोत्सव के तहत भाजपा स्वामी विवेकानंद मंडल द्वारा मंडल अध्यक्ष श्री योगेश बिलोहां जी के नेतृत्व में जबलपुर रानीताल स्टेडियम यूथ हॉस्टल परिसर में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, मंडल अन्तर्गत वार्डो की टीमों का प्रतिनिधित्व रहा। कस्तूरबा गांधी वार्ड की रानीताल इलेवन ने अपने सभी मुकाबले में विजयी होकर अगले राउंड विधानसभा के लिए क्वालीफाई किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में पूर्व स्वास्थ्य राज्य मंत्री शरद जैन जी, भाजपा प्रदेश मंत्री आशीष दुबे जी, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विदेश संपर्क विभाग प्रदेश सह संयोजक सुधांशु गुप्ता, नगर महामंत्री रजनीश यादव जी, नगर मंत्री राघवेंद्र यादव, कुंडल राव जी भा.ज.पा. मंडल अध्यक्ष योगेश बिलोहां, पार्षद श्रीमती प्रतिभा विध्येश भापकर, सांसद खेल महोत्सव जिला कबड्डी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह पप्पू, सह प्रभारी डा. अमित साहू, उत्तर विधानसभा प्रभारी अजय तिवारी, मंडल कबड्डी प्रभारी सुनील ताम्रकार, मंडल महामंत्री नतिन मिश्रा, राहुल बैन, वरिष्ठ भाजपा नेता रूपलाल पटेल, सत्येंद्र शर्मा जी, श्री अमर पटेल जी, श्री उज्जवल पचौरी, रंजीत ठाकुर, विध्येश भापकर, मंडल उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल, विवेक जैन, अर्पित दुबे, रवि पटेल, दिनेश केवट मनोज जैन, सचिन पंड्या श्रीमति प्रियंका श्रीवास्तव नीता रजक, कल्पना तिवारी, अनुभा राय, सरिता शर्मा रोशनी कुम्हरे, सुमित सिंह, कपिल दुबे, हिमांशु श्रीवास्तव, श्री शशांक केवट, सहित अनेक ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता, प्रतिभागी एवं खेल प्रेमी उपास्थित रहे। समस्त कार्यकर्ताओ ने भाग लेने वाले सभी प्रतिभावान खिलाड़ियों को बधाई दी। प्रतियोगिता में कारपोरेशन कबड्डी संघ के सचिव शानू यादव के नेतृत्व में परमू लाल मनजीत सामल, सुनील ताम्रकार,अलका तिवारी,संजय पांडे संजीव कुमार ने निर्णायक का दायित्व बखूबी निभाया।

# पुलिस ने संदिग्धों को उठाया

# बरेला के मेला मैदान में युवक की चाकू से गोदकर हत्या

**जबलपुर, यशभारत। बरेला के बीटीआई स्कूल के पास मेला ग्राउंड में आज शुक्रवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक युवक का खून से सना हुआ शव लोगों ने देखा। मृतक के साथ आरोपियों ने पहले तो जमकर मारपीट की और फिर चाकुओं से गोदकर नृशंस हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर, मामला जांच में लिया है।**

वहीं एफएसएल की टीम मामले की बारीकी से पड़ताल कर रही है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को ज्ञात हुआ कि मृतक युवक गुंडा प्रवत्ति का था, जिसका झगड़ा होता ही रहता था। पुलिस को शक है कि रंजिशन आरोपियों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। बहरहाल अब पूरी जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

टीआई अनिल पटैल ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि ओम झारिया उम्र 18 वर्ष पिता गोपाल झारिया निवासी बीटीआई कॉलोनी का शव मेला ग्राउंड में बरामद किया गया। युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या की गई है। फिलहाल पुलिस आसपास के लोगों के बयान दर्ज कर , आरोपियों को तलाश करने में जुटी है तो वहीं घटना के बाद से क्षेत्र में सनसनी का माहौल है।



## चाकूबाजी की वारदातों में था मृतक शामिल

पुलिस ने बताया कि मृतक ओम झारिया पूर्व में चाकूबाजी की घटनाओं में शामिल रहा है। जो पेशे से लेबर का काम करता था। वहीं, परिजनों की मानें तो युवक शाम को करीब सात बजे घर से निकला था और रातभर घर नहीं पहुंचा। युवक पहले भी रात-रातभर घर नहीं आता था, जिसके बाद परिजनों ने ध्यान नहीं दिया। लेकिन सुबह जब मेला ग्राउंड में युवक का शव देखा तो परिजनों की चीखे निकल गयीं।

## दोस्तों की कुंडली खंगाल रही पुलिस

पुलिस ने बताया कि घटना के बाद मृतक के दोस्तों की कुंडली खंगाली जा रही है। देर रात युवक तीन दोस्तों के साथ था। जिनसे भी पुलिस सख्ती के साथ पूछताछ कर रही है। साथ ही क्षेत्र के आदतन आरोपियों का डाटा भी एकत्रित कर रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को दबोच लिया जाएगा।

# जबलपुर नगर निगम में जब पेंशन अधिकारी के मुंह से निकलने लगा खून

## बेहोश होकर नीचे गिरा, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**जबलपुर, यशभारत। नगर निगम पेंशन कार्यालय में आज शुक्रवार को उस समय गहमागहमी मच गई जब पेंशन अधिकारी के मुंह से अचानक खून निकलना लगा, देखते ही देखत अधिकारी बेहोश होकर धरती पर गिर गया।**



अधिकारी की स्थिति को देखकर कार्यालय में खड़े लोग घबरा गए, इसकी जानकारी पास में खड़े गरीब नवाज कमेटी इनायत अली को लगी तो इनायत अन्य अधिकारियों को इससे अवगत कराते हुए पेंशन अधिकारी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया ।

बताया जा रहा है कि पेंशन शाखा में पदस्थ बाबू अमित बैनर्जी रोजाना की तरह अपना काम करने कार्यालय पहुंचे थे। कुछ देर तक काम करने के बाद बाबू अमित बैनर्जी का शरीर झटपटाने लगा और मुंह से खून निकलने लगे। कार्यालय में मौजूद लोग कुछ समझ पाते कि बाबू बेहोश होकर नीचे धरती पर गिर गया। बाबू की तबीयत खराब की जानकारी जब स्टाफ के अन्य अधिकारियों को लगी तो वह दौड़कर पहुंचे और बाबू को अस्पताल में भर्ती कराया।

# कटंगी बायपास में सड़क हादसा : बाइक सवार वेयरहाउस कर्मी की दर्दनाक मौत

## लोडिड वाहन ने मारी सीधी टक्कर



**जबलपुर, यशभारत।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत कटंगी बायपास रोड पर देर रात एक बाइक सवार बेयरहाउस कर्मचारी को लोडिड वाहन ने सीधी टक्कर मार दी। हादसे के बाद कर्मी वाहन समेत रोड से उछलकर दस फिट दूर जा गिरा। जिसे सिर में गंभीर चोट आईं। हादसे के बाद रोड के दोनों ओर जाम लग गया। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को तत्काल 108 से नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने चेक कर युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर, पूरा मामला जांच में लिया है।

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि अरुण पिता जगन्नाथ सोनी 33 वर्ष निवासी बजरंगा नगर करमेता ने मौके पर बताया कि वह रिलायंस जियो बेयरहाउस में कर्मचारी है। उसके साथ आकाश सिंग राजपूत पिता सोने लाल राजपूत 28 साल निवासी गंगा नगर गढ़ा भी काम करता है।

## सूरतलाई पुलिया के पास मारी टक्कर

पुलिस को अरुण ने बताया कि देर रात काम से छूटने के बाद वह बाइक से जा रहा था, तभी सूरतलाई पुलिया रोड पर आकाश सिंग राजपूत घायल अवस्था में पड़ा था, जिसे तत्काल 108 से मेडिकल में भर्ती करवाया। लेकिन तब तक आकाश की सांसे उखड़ गयीं।

## परिजन हुए बेहोश

युवक की मौत की खबर पुलिस ने तत्काल परिजनों को दी। खबर सुनकर मेडिकल पहुंचे परिजन, लाडले की मौत की खबर सुनकर बेहोश हो गए। जिन्हें पुलिस और मेडिकल स्टाफ ने सम्हाला। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# 2 हजार की तड़ीबाजी ना देना युवक को पड़ा भारी : चाकू से हमला कर किया घायल

**जबलपुर, यशभारत।** घमापुर में 2 हजार रुपयों की तड़ीबाजी ना देना एक युवक को उस वक्त भारी पड़ गया जब दोनों ने एकराय होकर चाकू और डंडे से हमला कर युवक को बुरी तरह घायल कर दिया और मरणासन्न छोड़कर मौके से फरार हो गए। जिसके बाद आनन-फानन में युवक को अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उसका इलाज जारी है तो वहीं पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए आरोपियों की सरगर्मी से तलाश में जुटी है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि राजेश विश्वकर्मा 33 वर्ष निवासी घमापुर ने बताया कि बड़े भाई अनिल विश्वकर्मा एवं भतीजा अरूण विश्वकर्मा शुक्ला होटल में ट्रांसफ र्मर के पास खड़े थे तभी मोहल्ले के विशाल राजपूत, रोहित श्रीवास आए और अनिल विश्वकर्मा से शराब पीने के लिये 2 हजार रूपये मांगने लगे, भाई ने रूपये देने से मना किया तो दोनों गाली गलौज करने लगे। तभी दोनों ने चाकू और डंडे से हमलाकर घायल कर दिया।




## खोदा पहाड़ निकली चुहिया

# संदूक मिलने की सूचना पर पहुंचा बम स्क्वॉड, खोलने पर छूट गयी हंसी, रोड के दोनों ओर लगा रहा जाम

**जबलपुर, यशभारत।** खोदा पहाड़ निकली चुहिया...कहावत देर रात ग्वारीघाट रोड स्थित बादशा हलवाई मंदिर, कृष्णा हाईट के समीप उस वक्त चरितार्त्र हो गई जब लोगों ने रोड पर पड़ा हुआ संदूक देखा। जिसके बाद शंका हुई कि कहीं संदूक में बम हुआ तो स्थिति अप्रिय हो सकती है। जिसके बाद तत्काल बम स्कवॉड को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची टीम ने जब सावधानी पूर्वक संदूक खोला तो उनकी भी हंसी छूट गयी। इस दौरान रोड के दोनों ओर जाम लग गया, जिसका राहगीरों ने लुत्फ भी उठाया।

जानकारी अनुसार बादशा हलवाई मंदिर के पास कुछ राहगीर युवकों ने संदूक पड़ा हुआ देखा तो रुक गयी। जिसको देखकर अन्य राहगीर भी रुके और रोड पर पड़ा हुआ संदूक देखने लगे। जिसके बाद लोगों को शक हुआ कि कहीं यह कोई साजिश का हिस्सा तो नहीं। यह व्यस्ततम् मार्ग है। जहां कोई घटना करने के इरादे से भी रोड में इस तरह की चीजों का सहारा लेकर बम रखा जा सकता है।

## मौके पर पहुंचा अमला

रोड के दोनों ओर खड़े राहगीरों में से किसी ने तत्काल बम स्कवॉड को सूचना दी। जिसके थोड़ी ही देर बाद मौके पर बम स्क्वॉड का अमला पहुंच गया और पहले तो सावधानी पूर्वक संदूक के आसपास से राहगीरों को किनारे किया।

## मिली खाली बोतल

बम स्क्वॉड टीम ने संदूक को जैसे ही खोला तो देखा कि उसमें एक शराब की खाली बॉटल और शराब नापने का पैमाना है। यह देखकर बम स्क्वॉड कर्मियों की भी हंसी छूट गयी। तो वहीं दूसरी ओर यह पूरा नजारा देख रहे राहगीरों ने भी जाम का जमकर मजा लिया।



# शारदा मंदिर के पास तस्कर बेंच रहा था गांजा : पुलिस ने आरोपी को दबोचा

जबलपुर, यशभारत। संस्कारधानी नशा तस्करों की भेंट चढ़ता जा रहा है। जिसकी एक बानगी उस वक्त सामने आई जब गढ़ा थाना पुलिस ने गांजा बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से लगभग 7 हजार कीमत का गांजा बरामद किया गया है। गढ़ा थाने एसआई प्रशांत शुक्ला ने बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि मदन महल पहाड़ी स्थित शारदा मंदिर के पास एक व्यक्ति मादक पदार्थ बेंच रहा है। सूचना पर गढ़ा थाना पुलिस ने घेराबंदी करते हुए शारदा चौक निवासी धीरज पटेल को दबोच लिया। जिसकी बैग की तलाशी लेने पर प्लास्टिक की थैलियों में गांजा निकला। जिसका तौल करने पर 3 सौ 10 ग्राम निकला। पुलिस के अनुसार पकड़े गए गांजे की कीमत लगभग 7 हजार है। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ जारी है।

## श्री वेद प्रकाश कोहली का निधन



जबलपुर, यशभारत। कमला नेहरू नगर वार्ड निवासी कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ के संरक्षक श्री वेद प्रकाश कोहली का देवलोक गमन हो गया। वे विजय कोहली विवेक कोहली के पिता एवं रमेश कोहली के भाई थे।

अंतिम यात्रा उनके निज निवास वैभव डिपार्टमेंटल से आज दोपहर 2.30 बजे रानीताल मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

# गढ़ा की मढ़िया के पंडा का फंदे में झूलता हुआ मिला शव

## युवक ने की खुदकुशी, क्षेत्र में सनसनी

**जबलपुर, यशभारत।** संजीवनी नगर थाना अंतर्गत क्षेत्र की प्रसिद्ध पंडा की मढ़िया के पंडा ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। युवक बहुत दिनों से तनाव में बताया जा रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर, पूरा मामला जांच में लिया है तो वहीं इस खबर के बाद क्षेत्र में सनसनी का माहौल है।



मेडिकल पहुंचे परिजनों ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि शिवम बर्मन 25 साल पिता हेमंत बर्मन पंडा की मढ़िया में पूजन आदि का कार्य सम्हालता था। जिसने मढ़िया के पास ही स्थित घर में फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया।

## चीख पड़े परिजन

परिजनों ने बताया कि रात में खाना खाकर युवक अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह जब दरबाजा नहीं खोले तो कमरे में अंदर जाकर देखा। जहां युवक फंदे पर लटका हुआ मिला। यह दृश्य देखकर परिजन चीख पड़े। जिसके बाद मोहल्ले वालों ने पुलिस को सूचित किया। अब पूरी जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
ठण्ड के स्पेशल आइटम उपलब्ध है
→तिली चिक्की →तिली लड्डू →तिली रेवड़ी →मूंगफल्ली की लइया →रोस्टेट नमकीन →वेक्ड टोस्ट →करेला चिप्स →बिस्केट →फुल्की →गजक →सिंधी पापड़ →चने
Pure & Tasty AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304, 7987145201

JYOTI INNER ZONE
सभी कम्पनियों के विन्टर इनर उपलब्ध
LUX COZI | AMUL MACHO | RUPA | JOCKEY | DIXCY SCOTT
1222, Main Road Ganjipura Near Super Market Jabalpur (M.P.) 0761-4038008

आपका शैल्बी, आपका हेल्थ पार्टनर
अधिक जानकारी व अपॉइंटमेंट हेतु संपर्क : +91 95758 01200
28 YEARS | SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
In association with SMJ Trust
शैल्बी हॉस्पिटल्स
प्लाट नं. 5, अहिंसा चौक, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.)
24x7 Emergency & Pharmacy | Emergency No 95758 01020 | www.shalby.org

साईं हॉस्पिटल
इनफर्टिलिटी लेप्रोस्कोपी एवं साईं टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
डॉ. श्रीमति राखी बाजपेयी
MBBS,MS. (OBS & GYM)
टेस्ट ट्यूब बेबी, बांझपन व गायनिक एण्डोस्कापी में उच्च प्रशिक्षित
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन से ना चीरा ना रक्तस्त्राव शीघ्र स्वस्थ जल्दी छुट्टी
Dip advanced Gynaec Endoscopy [France]
इक्सी, टेस्ट ट्यूब सेंटर, दूरबीन द्वारा बांझपन का निदान, बंद ट्यूब व टीटी ऑपरेशन खोलना, दूरबीन द्वारा बच्चादानी(टीएलएच), ओवरी की सिस्ट नली में ठहरे गर्भ व बच्चेदानी के ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, कृत्रिम गर्भाधान IUI IVF ICSI व सुरक्षित गर्भपात।
पथरी, हार्निया, एपेन्डिक्स, पाइल्स, गाल ब्लेडर, बच्चेदानी, स्तन की गठान, बंद ट्यूब गर्भधान इत्यादि सभी आपरेशन व इलाज की सुविधा
सबसे सस्ता अत्याधुनिक मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा संस्थान
कांचघर चौक, रेलवे स्टेशन रोड जबलपुर-8770186650, 7987619550

गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मध्य भारत का तेजी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल
आर्यरा AaryAra (illuminate AspiratioN)
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (मप्र)-482003
0761-4017010, 4027010, 2647010 Helpline 881983000, 7777877708
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com
www.galaxyhospitaljbp.com

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

क्रिसमस एवं नूतन वर्ष की शुभकामनाएं
शॉल ही शॉल...
लक्ष्मी एम्पोरियम
• काश्मीरी • प्योरऊल • जमावार • सिप्पीवर्क • कानीवर्क • आरी वर्क
फैंसी रंग डिज़ाईन
नया स्टॉक उचित दाम
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन,Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर | 07614038666, 7049079825 | 9300920067

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*।
फोन ( 0761 ) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )